BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY :- 75 108 57 108
हेड इंजरी, कोमा, सरदर्द, ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की हड्डी के उपचार और सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, आर्थोपेडिक्स, न्यूरो रिहेब, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, जॉईंट रिप्लेसमेंट, आईसीयू मॉडयूलर ओटी, यूरो सर्जरी, वैस्कुलर सर्जरी..एम.आर.आई, सीटी स्कैन, यूएसजी, एक्स रे, प्रसूति व स्त्री रोग तज्ञ..
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ



बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 29 जुलाई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 183 | मूल्य - 5 रुपये



SAHAYOG HOSPITAL
7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING

निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07





JAIN RESORT
जैन रिसॉर्ट्स
शांत, सुरम्य नवेगांव नागझिरा फॉरेस्ट के पास स्थित
Relaxation at its Peak




उपलब्ध सेवाएं..
- शादी, रिसेप्शन, व अन्य छोटी बड़ी पार्टीयां सभी सुविधाओं के साथ..
- लॉन व रिसॉर्ट 2 लाख फीट में..
- सभी 80 रुम, 2 बेंक्वेट हॉल एसी
- घराती बाराती 300 एवं मेहमानों की व्यवस्था..
- स्वीमिंग पुल, भव्य गार्डन..
- लिफ्ट सुविधा, 24 x 7 विद्युत सुविधा..

अन्य सभी सुविधाएं आवश्यतानुसार..कैटरींग, सजावट, फूल सजावट, स्टेज की व्यवस्था..
पता - गराड़ा, मुंडीपार, तहसील - गोरेगांव, जिला गोंदिया 441801 (महाराष्ट्र)
N-H- 753 गोंदिया से 17 किलोमीटर दूर..
संपर्क करें.. नमन जैन 9049223444 ऑफिस 9270175557


### 360 गवाह, 422 दस्तावेज और 43 सबूतों के साथ

## सीबीआई ने नीट पेपर लीक पर दाखिल की चार्जशीट, आज होगी कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में तीन प्रश्नपत्र विशेषज्ञ, कोचिंग सेंटर से जुड़े दो लोगों, बिचौलियों और लाभ पाने वाले कई अभ्यर्थियों समेत 13 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र***

दाखिल किया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने विशेष अदालत में दाखिल आरोपपत्र में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, साक्ष्य नष्ट करने और अन्य अपराधों तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक, 2024 के तहत आपराधिक कदाचार के आरोप लगाए हैं। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई ने इस आरोपपत्र में 360 गवाहों, 422 दस्तावेजों और 43 अहम सबूतों का जिक्र किया है।

आरोपपत्र में नामजद सभी 13 आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।'' जांच एजेंसी ने आरोपपत्र में डिजिटल फोरेंसिक विश्लेषण रिपोर्ट, हस्तलेख विशेषज्ञों की राय और लीक हुए प्रश्नों के संबंध में शैक्षणिक विशेषज्ञों की राय को भी संलग्न किया है। प्रवक्ता ने कहा, ''इन रिपोर्टों से यह पुष्टि हुई कि परीक्षा की तारीख से पहले लीक हुए प्रश्नों को प्रसारित करने में आरोपियों की भूमिका थी।'' अधिकारियों ने बताया कि अदालत बुधवार को इस मामले पर सुनवाई कर सकती है। प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए तीन मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा को 12 मई को रद्द कर दिया था। इसके बाद 21 जून को दोबारा परीक्षा आयोजित की गई थी। नीट प्रश्नपत्र लीक मामला बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया। कॉकरेच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में 'जेन जेड' के प्रदर्शनकारियों ने जंतर-मंतर पर बड़ा विरोध-प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने जांच तेज कर दी और महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली समेत कई राज्यों में 92 स्थानों पर छापेमारी की। दो महीने तक चली जांच के दौरान सीबीआई ने प्रश्नपत्र लीक के स्रोत से लेकर फायदा उठाने वाले अभ्यर्थियों तक, साजिश का पता लगाया, जिससे ''पूरी कड़ी की पहचान'' हो सकी। सीबीआई ने इस मामले में गिरफ्तार किए गए एनटीए के तीन विषय विशेषज्ञों-पीवी कुलकर्णी (रसायन विज्ञान), मनीषा गुरुनाथ मंधारे (जीव विज्ञान) और मनीषा संजय हवलदार (भौतिक विज्ञान) को आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने बताया कि लातूर के डॉक्टर मनोज शिरुरे, पुणे स्थित कोचिंग सेंटर डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल एकेडमी (एपीएमए) में भौतिक विज्ञान के शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह और लातूर स्थित एक कोचिंग सेंटर से जुड़े शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को भी गिरफ्तार किया गया है और आरोपपत्र में आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, ''लीक हुए प्रश्नों को हासिल करने और उन्हें आगे पहुंचाने वाले कई बिचौलियों की भी पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। कोचिंग संस्थानों से जुड़े दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने उपरोक्त विशेषज्ञों से लीक हुए प्रश्नपत्र हासिल किए थे।'' एजेंसी ने बताया कि धन के लेन-देन की जांच की गई और आरोपियों के कई बैंक खातों, बैंक लॉकर और एक डीमैट अकाउंट को 'फ्रीज' कर दिया गया है।

## छात्रों को परेशान करना बंद करें, नहीं तो सीजेपी जल्द विरोध-प्रदर्शन करेगी, अभिजीत दीपके ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने एक बार फिर बड़े विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है। दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा कि अगर पुलिस की तरफसे छात्रों को परेशान करने का सिलसिला जारी रहा, तो कॉकरोच जनता पार्टी जल्द ही एक बड़े और शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के जरिए इसका जवाब देगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों को निशाना बनाना और उन्हें परेशान करना बंद करना चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा समूह की एक प्रमुख मांग स्वीकार किए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हो गया है, लेकिन सीजेपी के नेता जोर देकर कह रहे हैं कि उनका अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। दीपके ने कहा कि आंदोलन समाप्त होने का मतलब आंदोलन का अंत नहीं है।

## असम में बाढ़ 75 की मौत, 3.32 लाख लोग प्रभावित : आधिकारिक बुलेटिन

**गुवाहाटी, (भाषा)।** असम में बाढ़ से मंगलवार को सात और लोगों की मौत हो गई, जिससे राज्य में इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 75 पर पहुंच गई। हालांकि, प्रभावित लोगों की संख्या अब घटकर 3.32 लाख रह गई है। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के आधिकारिक बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ में आज मारे गए सभी सात लोग शिवसागर जिले के थे। बुलेटिन में कहा गया कि इस साल बाढ़ में अब तक 75 लोगों की जान जा चुकी है और किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना नहीं है। इसमें कहा गया कि बाढ़ से शिवसागर, चराइदेव, गोलाघाट, जोरहाट, नगांव, सोनितपुर और कामरूप शहरी समेत सात जिले अब भी प्रभावित हैं। इन जिलों के 21 राजस्व मंडल और 622 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या 3,32,639 है। चराइदेव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 1,42,756 लोग बाढ़ की चपेट में हैं। शिवसागर में 97,074 और जोरहाट में 57,371 लोग प्रभावित हैं। सोमवार को छह जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 4.45 लाख थी। बाढ़ प्रभावितों के लिए कुल 81 राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं, जहां विस्थापित लोगों ने शरण ली है।

## 29 एवं 30 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना, सतर्क रहने की सलाह

**जगप्रेरणा बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पाँच दिवसीय मध्यम श्रेणी के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में आगामी दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, बडग़ांव-बालाघाट ने मौसम को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विज्ञान केन्द्र बडग़ांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 29 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी बादलों के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं 30 जुलाई को बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह के समय हवा में 98 से 100 प्रतिशत तथा दोपहर में 80 से 87 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है।


कम खर्च, ज्यादा फायदा
स्मार्ट लोगों की पहली पसंद !
मानसून धमाका
खुशियों की बरसात
₹11000/-* का नगद डिस्काउंट Shine 100 पर..
नये INDIA की AMAZING Shine 100
75 KM प्रति लीटर*
शानदार माईलेज

एक्स-शोरुम (मध्यप्रदेश) ₹65639/-*
मात्र ₹54639/-*
एक्स-शोरुम (बालाघाट)
*नियम एवं शर्तें लागू
न्यूनतम ब्याज दर @6.99%*
लोन 100%* तक
3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध
लम्बी और कम्फर्टेबल सीट
आकर्षक एलॉय व्हील्स
आल न्यू 100सीसी होंडा इंजन
सुप्रीरियर सस्पेन्शन
ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट 8349272776, 9109942776

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |



SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
- Color Doppler
- Power Doppler Imaging
- B-flow Imaging
- Tissue Harmonic Imaging
- Transrectric & TV Sonography
- Pediatric Sonography
- Orbital Sonography
- Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
- Neonatologist Neurosonogram
- 2 D Echo Cardiography
- Foetal Echo
- Whole Body Ct Scan
- Digital X-ray Digital Radiography System
- M.R.I.

DIGITAL X-RAY
- 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
- 2D Echo
- Colour Doppler
- Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan

राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN







# भारत सरकार ने एथेनॉल प्लांट को 3190 रुपये का चांवल 2320 रुपये में क्यों दिया? विधायक संजय उईके

### बालाघाट में कांग्रेस विधायक संजय उईके, पूर्व विधायक हिना कावरे, विधायक मधु भगत ने बालाघाट में सामने आए चांवल घोटाले में जताई भारत सरकार की संलिप्तता की आशंका..

### पुलिस कार्यवाही के लिये एसपी आदित्य मिश्रा की कार्यवाही की प्रशंसा तो की लेकिन लगाए पक्षपातपूर्ण कार्यवाही के आरोप..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में 03 जून को वारासिवनी के संचेती राईस मिल में पकड़ाये गए चांवल के ट्रक मामले में जब पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कार्रवाई शुरु की तो इस मामले में एथेनॉल प्लांट से निकला चांवल राईस मिल को बेचे जाने और फिर राईस मिल द्वारा वापसी उसी चांवल को एफसीआई के माध्यम से भारत सरकार को बेचे जाने का बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है,***

तथा इस मामले में जहां फिलहाल पुलिस पीडीएस का चांवल खरीदने वाले राईस मिलर्स पर कार्रवाई कर रही है, वहीं इस मामले में एवीजे एथेनॉल प्लांट के मालिक फरार हैं, जबकि इस मामले में पूरी तरह से गौर करने के बाद यह सामने आ रहा है कि यह सिर्फ एक एथेनॉल प्लांट से निकला चांवल राईस मिलर्स को बेचे जाने का नहीं है, बल्कि यह तो ऐसा घोटाला है, जिसमें भारत सरकार की संलिप्तता भी नजर आती है, तथा यह सैकड़ों करोंड़ों का घोटाला दिखाई दे रहा है, ऐसे आरोप आज बालाघाट में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और विधायक संजय उईके, पूर्व विधायक हिना कावरे, विधायक मधु भगत एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुप सिंह बैस ने लगाए, वहीं पुलिस की शुरुआती भुमिका के बाद अब पुलिस की कार्यवाही को भी पक्षपाती करार देते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, शफकत खान, धर्मेन्द्र बोपचे आदि अनेक कांग्रेस नेता भी उपस्थित थे।

### बोले संजय उईके..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक संजय उईके ने कहा कि एफसीआई के माध्यम से पुरे देश में एथेनॉल प्लांट को चांवल देने का फैसला भारत सरकार ने लिया था। इसमें 52 लाख मिट्रिक टन चांवल की सप्लाई की गई, जिसका सरकार ने एथेनॉल प्लांट से एग्रीमेंट करके चांवल प्रदान किया। जो चांवल खुले बाजार में प्रायवेट कंपनीयों को सरकार द्वारा 3190 रुपये में बेचा जाना तय किया गया था, उसे सरकार ने पहले 2250 में एथेनॉल प्लांट को दिया फिर बाद में एक दर निश्चित कर 2320 रुपये में दिया जायेगा। आखिरकार इतने बड़े मार्जिन के साथ सरकार ने घाटे में एथेनॉल प्लांट को चांवल क्यों बेचा, यहीं सबसे बड़ा कमिशन घोटाला नजर आ रहा है, जिसमें भारत सरकार के मंत्री और बड़े अधिकारी शामिल हो सकते हैं, इसकी संभावना शत प्रतिशत नजर आ रही है, तथा कांग्रेस इस मामले में लोकसभा में भारत सरकार से सवाल अवश्य पूछेगी।

### एफसीआई अधिकारियों की भी संलिप्तता की पूरी संभावना..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक हिना कावरे ने कहा कि इतने महीनों से चांवल एफसीआई के गोदाम से निकलकर एथेनॉल प्लांट जाने की बजाए राईस मिलर्स को बेचा जा रहा था, और इसकी जानकारी एफसीआई के अधिकारियों को ना हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। हमारी जानकारी के अनुसार एक ही ट्रक से बार बार चांवल एफसीआई गोदामों से लोड किया गया, जिसकी जांच की जायेगी तो एफसीआई की संलिप्पता भी उजागर हो सकती है, लेकिन सवाल यह उठता है कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने अब तक एफसीआई के अधिकारियों कर्मचारियों की भूमिका की जांच क्यों नहीं की है।

### पुलिस कार्यवाही को लेकर लगाए यह आरोप..

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब राईस मिलर्स द्वारा सरकारी चांवल खरीदने की जांच शुरु हुई तो वारासिवनी के संचेती राईस मिल के पिता पुत्र और उसके बाद उनके भाई की भी पुलिस ने गिरफ्तारी की, लेकिन सत्ताधारी भाजपा दल के विधायक रामकिशोर कावरे के भाई राजकुमार कावरे और उनके भतीजे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, बल्कि पार्टनर विनोद शर्मा को मात्र गिरफ्तार किया गया, यह सत्ता के दबाव में पक्षपातपूर्ण कार्यवाही साफ नजर आ रही है।

### डबल मनी मामले में सोमेन्द्र का पकड़ा जाना पुलिस की सफलता.. रमेश भटेरे की भूमिका संदिग्ध..

पूर्व विधायक हिना कावरे ने कहा कि उन्होंने ही सबसे पहले नागरिकों के प्रति अपने कर्त्तव्य को ध्यान में रखकर विधानसभा में मामला उठाया था, और उसके बाद कार्यवाही यदि समय पर शुरु हो गई होती तो अब तक लोगों का भारी रुपया डुबने से बच जाता। हिना ने आगे कहा कि सोमेन्द्र कंकरायने और रमेश भटेरे दोनों एक ही गांव के है, लेकिन रमेश भटेरे ने किसी भी तरह का बयान डबल मनी मामले में कभी नहीं दिया, इसमें रमेश भटेरे की भूमिका भी संदिग्ध है। शासन प्रशासन की शत प्रतिशत गलती भी इसमे मानी जायेगी। हिना ने आगे यह भी कहा कि मेरे पास लोग आते थे और कहते थे कि मैडम रामकिशोर कावरे जी ने अपना पैसा निकलवा लिया है, लेकिन हमारी इतनी एप्रोच नहीं है, हमारा पैसा कैसे निकलेगा। आमाडारे के माता पिता ने जगह जगह लोगों को दुखड़ा सुनाया था, ये मामला था तो मेरे ही क्षेत्र का। मैंने तब लोगों से हा था कि आप सीधे एफआईआर करवाईये, मैं आपके साथ खड़ी हूं। हिना कावरे ने आगे यह भी कहा कि सोमेन्द्र कंकरायने की गिरफ्तारी होने से अब निवेशकों को उनकी राशि वापस मिल सकेगी, इसकी संभावनाएं बन रही है तो ऐसा करना पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा का सराहनीय प्रयास है।

## बालाघाट में विश्वविद्यालय से सम्बंधित विद्यार्थियों की

# विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई ने किया उग्र प्रदर्शन, कुलपति का जलाया पुतला..

### मांगें पूरी नहीं होने पर,छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के घेराव की दी चेतावनी



जगप्रेरणा बालाघाट।

***छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की कथित छात्र विरोधी कार्यप्रणाली और लगातार सामने आ रही शैक्षणिक अव्यवस्थाओं के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय***

प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया।एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप है कि विश्वविद्यालय में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। कई परीक्षा केंद्रों पर समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं हो पाते, परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक देरी की जा रही है।

बताया गया कि रिपोर्ट कार्ड एवं अंकसूची में लगातार त्रुटियां सामने आती हैं। इसके अलावा छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन के दौरान संगठन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि की मांग भी प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में छात्र प्रवेश से वंचित हो रहे हैं। साथ ही लंबे समय से लंबित अन्य छात्र समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया गया।

### पुतला दहन कर की जमकर नारेबाजी

कार्यकर्ताओं ने कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द ही सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो एनएसयूआई बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में छात्र छिंदवाड़ा पहुंचकर विश्वविद्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बालाघाट जिले के शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर 31 जुलाई तक प्रवेश का अवसर..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ई-प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने जिले के पात्र विद्यार्थियों से समय रहते ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। पीजी कॉलेज बालाघाट के प्राचार्य श्री मरठे ने बताया कि जिले के 15 शासकीय महाविद्यालयों में कुल 7,983 सीटें अभी***

भी रिक्त हैं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की सीटें शामिल हैं। जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय महाविद्यालय, बालाघाट में स्नातकोत्तर स्तर पर विशेष रूप से कला संकाय के विषयों में बड़ी संख्या में सीटें उपलब्ध हैं। जिले में सबसे अधिक 1,902 सीटें शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय, बैहर में रिक्त हैं। इसके अलावा शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय, बालाघाट में 942, शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 830, शासकीय महाविद्यालय कटंगी में 821, शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 670 तथा शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में 663 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय हट्टा में 481, शासकीय कमला नेहरू कला महाविद्यालय बालाघाट में 454, शासकीय महाविद्यालय लामता में 320, शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में 260, शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा में 204, शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी में 200, शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 142 तथा शासकीय महाविद्यालय लांजी में 94 सीटें रिक्त हैं।

वहीं शासकीय विधि महाविद्यालय, बालाघाट में सभी सीटें भर चुकी हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर अपने पसंदीदा महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित करें।

# पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी में पू. भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी करेंगी वर्षावास

### रमाताई महिला बौद्ध संघ की पदाधिकारियों की याचना पर दी सहमति..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***रमाताई महिला बौद्ध संघ, बालाघाट द्वारा संचालित पंचशील बुद्ध विहार, समता भवन, बुढ़ी बालाघाट में इस वर्ष पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी वर्षावास करेंगी। रमाताई महिला बौद्ध संघ की पदाधिकारियों द्वारा की गई विनम्र याचना पर अपनी सहमति प्रदान की, जिससे बौद्ध उपासको में हर्ष व्याप्त है।***

पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी जी का बालाघाट मे वर्षावास के निमित्त 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे मंगल प्रवेश होगा। भगवान बुद्ध द्वारा स्थापित परंपरा के अनुसार परम पावन धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस/वर्षावास, जिसे पालि भाषा में ÷वस्सावास÷ भी कहा जाता है, इस वर्ष त्रिविध पावनी आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) 29 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा तथा आश्विन पूर्णिमा (शरद पूर्णिमा) 26 अक्टूबर 2026 को इसका समापन होगा। वर्षावास बौद्ध धम्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवधि है, जो भिक्खू - भिक्खुनियों को आध्यात्मिक विकास, साधना और ज्ञान प्राप्ति के लिए विशेष अवसर प्रदान करती है।

पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी मूलतः कारंजा (लाड़), जिला वाशिम, महाराष्ट्र की निवासी हैं। बौद्ध धम्म के प्रति उनकी गहरी आस्था और समर्पण उन्हें अल्पायु में ही प्रव्रज्जा के मार्ग पर ले आया। 22 नवंबर 2002 को महाराष्ट्र में उनकी प्रव्रज्जा सम्पन्न हुई। इसके पश्चात पूज्य भिक्खुणी सुमित्रा महाथेरी, श्रीलंका के पावन सान्निध्य में 5 जुलाई 2008 को श्रीलंका में उनकी उपसम्पदा सम्पन्न हुई। शैक्षणिक दृष्टि से भी वे अत्यंत प्रतिभाशाली रही हैं तथा उन्होंने पालि विषय में एमए की उच्च शिक्षा नागपुर यूनिवर्सिटी से प्राप्त की है।

धम्म-प्रचार व साधना के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहते हुए यह उनका 19वां वर्षावास होगा। रमाताई महिला बौद्ध संघ, बालाघाट के समस्त पदाधिकारियों एवं उपासक-उपासिकाओं ने पूज्य भिक्खुनी बुद्ध कन्या थेरी के आगमन एवं वर्षावास पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे बौद्ध उपासको के लिए हर्ष का विषय बताया है।

### क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*

*मो. 9329033433*

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।












विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

3 बुधवार 29 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सहायक आयुक्त के विवादित जाति प्रमाण पत्र पर 09 अगस्त को विशाल प्रदर्शन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला जनजातीय कार्य विभाग, सिवनी में पदस्थ सहायक आयुक्त लालजीराम मीणा के जाति प्रमाण पत्र की वैधानिक प्रमाणिकता को लेकर उत्पन्न संवैधानिक संकट अब एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप धारण कर चुका है।***

संविधान की पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत प्रदत्त जनजातीय अधिकारों के संरक्षण एवं प्रशासनिक निष्पक्षता की पुनर्स्थापना हेतु जनजातीय समाज एवं विधि विशेषज्ञों ने निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है।

अधिवक्ता एवं समाजसेवी महेंद्र शाह मर्सकोले ने औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि आगामी 09 अगस्त 'विश्व आदिवासी दिवस' के ऐतिहासिक अवसर पर सिवनी जिले का समस्त जनजातीय समाज एकजुट होकर महामहिम राज्यपाल के नाम एक विशाल महाज्ञापन प्रस्तुत करेगा एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु जन-आंदोलन का आगाज़ करेगा। जाति छानबीन समिति की प्रतिकूल रिपोर्ट एवं आपराधिक प्रकरण


लालजीराम मीणा

एडवोकेट महेंद्र शाह मर्सकोले ने स्पष्ट किया कि राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति **(Caste Scrutiny Committee)** द्वारा की गई वैधानिक जांच में संबंधित अधिकारी का अनुसूचित जनजाति **(ST)** प्रमाण पत्र असत्य एवं संदिग्ध पाया गया था। उक्त प्रतिकूल जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत आपराधिक **(F.I.R.)** पंजीबद्ध किया जा चुका है।

यद्यपि संबंधित अधिकारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय से अंतरिम संरक्षण प्राप्त कर पद पर बने रहने का प्रयास किया जा रहा है, परंतु एक संदेहास्पद एवं विवादित जाति प्रमाण पत्रधारी अधिकारी को जनजातीय बाहुल्य जिले में प्रशासनिक प्रमुख के दायित्व पर बनाए रखना संविधान के अनुच्छेद 14, 16 एवं 342 की मूल भावना के विपरीत है तथा वास्तविक अनुसूचित जनजाति वर्ग के विधिक अधिकारों का गंभीर अतिलंघन है।

### 09 अगस्त को प्रस्तुत होने वाले महाज्ञापन की प्रमुख संवैधानिक मांगें..

अंतिम वैधानिक कार्यवाही का निष्पादन - राज्य स्तरीय जाति छानबीन समिति की मूल रिपोर्ट एवं दर्ज **F.I.R.** के आलोक में जाति प्रमाण पत्र के निरस्तीकरण की अंतिम दंडात्मक कार्यवाही अविलंब पूर्ण की जावे।

प्रशासनिक पद से तत्काल पृथक्करण/निलंबन निष्पक्ष जांच एवं पारदर्शी प्रशासनिक वातावरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सिवनी जिले से स्थानांतरित अथवा निलंबित किया जावे।

संवैधानिक आरक्षित पदों का संरक्षण - **Àk** एवं असत्य प्रमाण पत्रों के आधार पर शासकीय सेवाओं में हो रहे अतिक्रमण को रोककर मूल अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के संवैधानिक अधिकारों की पुनर्स्थापना की जावे।

## ग्राम पंचायत कामता की ग्राम सभा में जमकर बवाल..

# विकास कार्यों का हिसाब मांगने पर सरपंच और पति पर अभद्रता का आरोप

**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत कामता में आयोजित ग्राम सभा उस समय हंगामे की भेंट चढ़ गई, जब ग्रामीणों ने पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए।






आरोप है कि 5 लाख रू. की बाउंड्री वॉल, स्टॉप डैम के गेट और नल-जल योजना की स्थिति की जानकारी मांगने पर सरपंच एवं उनके पति भड़क गए और ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है।

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने पंचायत में चल रहे प्रमुख कार्यों का हिसाब-किताब मांगा जिसमें 5 रू. लाख की अनुमानित लागत से बन रही बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य और बजट को लेकर सवाल उठाए गए। स्टॉप डैम में लगे गेट और उसके रखरखाव की स्थिति पर स्पष्ट जानकारी मांगी गई।

गांव में हर घर पानी पहुंचाने वाली नल-जल योजना की जमीनी हकीकत और अव्यवस्था पर पंचायत से जवाब मांगा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जैसे ही इन जनहित के मुद्दों पर सरपंच मानवती चंद्रवंशी और उनके पति पूरनलाल चंद्रवंशी से सवाल पूछे गए, वे आपा खो बैठे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया और अभद्र व्यवहार करते हुए उनकी आवाज़ को दबाने का प्रयास किया।

ग्रामीण ने बताया कि ग्राम पंचायत कामता में लगातार विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है। जब भी कोई नागरिक सूचना या पारदर्शिता की मांग करता है, तो उसे डरा-धमकाकर चुप कराने की कोशिश की जाती है। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में भी आ गया है। ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कराकर सरपंच एवं उनके पति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

वही ग्रामीणों ने जनसुनवाई पहुंच जिला कलेक्टर से कामता सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की वही ग्राम सभा की बैठक के दौरान वीडियो बनाने वाले शख्स को झूठे केस में फसाने हेतु थाने में आवेदन दिया गया इसके बाद कान्हीवाड़ा पुलिस द्वारा विशाल कुशराम को थाने में बैठाया गया इसके बाद ग्रामीण एकजुट हुए और थाने पहुंचे वहीं भीड़ देख पुलिस द्वारा विशाल कुशराम को छोड़ दिया गया

बैठक के दौरान विशाल कुशराम रामकिशोर यादव पुनाराम यादव देवी चंद्रवंशी गोवर्धन कुर्वेति अनिल श्रीवास्तव विकास कुर्वेति दादू बरमैया सुरेंद्र भलावी सुरेंद्र उपस्थित रहे।

## संदीपनि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय को पुराने भवन डूंडासिवनी से..

# कंडीपार स्थित नए परिसर में स्थानांतरित करने की मांग एक बार फिर हुई तेज..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***संदीपनि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की कक्षाओं को डूंडासिवनी के पुराने भवन से कंडीपार स्थित नए परिसर में स्थानांतरित करने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है।***




मंगलवार को बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय नागरिक जनसुनवाई में पहुंचे। उनका कहना है कि नया भवन पूरी तरह तैयार है, लेकिन प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाएं अब भी पुराने और जर्जर भवन में संचालित की जा रही हैं।

### पुराने भवन में जगह की कमी, बच्चों को हो रही परेशानी

अभिभावकों का कहना है कि वर्तमान भवन में विद्यार्थियों की संख्या के मुकाबले पर्याप्त कमरे नहीं हैं। सीमित स्थान के कारण बच्चों को पढ़ाई, बैठने और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे परिसर की वजह से खेलकूद, प्रार्थना सभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में भी परेशानी होती है।

### नए परिसर में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध..

स्थानीय लोगों के अनुसार कंडीपार स्थित नए विद्यालय भवन में बड़े कक्ष, पर्याप्त खुला परिसर और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। यहां पहले से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई संचालित हो रही है। उनका कहना है कि प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं को भी इसी परिसर में स्थानांतरित किया जाना चाहिए, ताकि सभी विद्यार्थियों को समान सुविधाएं मिल सकें।

### बस सुविधा की भी उठाई मांग..

अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय स्थानांतरित होने के साथ विद्यार्थियों के लिए नियमित बस सुविधा भी शुरू की जाए। कई बच्चे दूर-दराज के गांवों से आते हैं। हाल ही में छात्रों से भरा एक ऑटो पलटने की घटना के बाद सुरक्षित परिवहन की मांग और तेज हो गई है।

### एक ही परिसर में संचालन से होगी सुविधा..

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सभी कक्षाओं का संचालन एक ही परिसर में होने से प्रशासनिक व्यवस्था बेहतर होगी और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का लाभमिलेगा। इससे उनके सर्वांगीण विकास में भी मदद मिलेगी।

# धूमा पुलिस की त्वरित कार्रवाई : घर में चोरी करने वाला रिश्तेदार गिरफ्तार..

### चोरी गया 35,000 का सोने-चांदी का मशरूका 100 प्रति. बरामद..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के विशेष निर्देशों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा **SDOP** अपूर्व भलावी के कुशल मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस ने घर में चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गया समस्त मशरूका भी बरामद कर लिया है।

दिनांक 22/06/2026 को प्रार्थीया शिवानी श्रीवास्तव निवासी धूमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15/06/2026 को उनकी बुआ की देवरानी का लड़का शिवम उर्फसाहिल श्रीवास्तव मेहमानी के लिए उनके घर आया था। दिनांक 16/06/2026 को करीब 11:00 बजे वह पुणे जाने की बात कहकर घर से निकला।

इसके बाद जब प्रार्थीया दोपहर 12:00 बजे वापस लौटीं तो अलमारी में रखा जेवरों का बैग खुला मिला। जांच पर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। प्रार्थीया द्वारा संपर्क करने पर आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। चोरी गए जेवरों में एक जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के करधन, दो सोने की बेंदी, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, चांदी की बिछिया, बच्चों के चांदी के कड़े एवं संतान साते वाला कड़ा शामिल थे। कुल अनुमानित कीमत लगभग 35,000/- थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धूमा में अपराध पंजीबद्ध कर निरीक्षक डी. एस. मरावी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही शिवम उर्फ साहिल श्रीवास्तव पिता सोहन लाल श्रीवास्तव, उम्र 23 वर्ष, निवासी लुठौती, थाना मैहर, जिला मैहर को हिरासत में लिया गया।

कड़ाई से पूछताछ पर आरोपी ने दिनांक 16/06/2026 को अपनी रिश्ते की बहन के घर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर पुलिस ने चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका 100प्रति. विधिवत जप्त कर लिया है।

### गिरफ्तार आरोपी..

शिवम उर्फसाहिल श्रीवास्तव पिता सोहन लाल श्रीवास्तव, उम्र 23 वर्ष, निवासी लुठौती, थाना मैहर, जिला मैहर।

**जप्त मशरूका-** एक जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के करधन, दो सोने की बेंदी, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, चांदी की बिछिया, बच्चों के चांदी के कड़े एवं संतान साते वाला कड़ा। कुल कीमत लगभग 35,000/-

### विशेष भूमिका

निरीक्षक डी. एस मरावी, सउनि महेश उइके, प्रआर तेजलाल परते, म. प्रआर सिरोजो खान एवं आर भैयान अंसारी।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई - 308 ग्राम गांजे के साथ महिला गिरफ्तार..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस'की नीति एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा **SDOP** चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गंज वार्ड में गांजा बिक्री कर रही एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार कर 308 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है।

दिनांक 27/07/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रीतम मानाठाकुर गंज वार्ड सिवनी में अपने घर के सामने अवैध गांजा विक्रय कर रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम गठित कर बताये गए स्थान पर रेड कार्रवाई की गई।

पुलिस टीम ने गंज वार्ड में एक मकान के आंगन में एक महिला को नीले रंग का थैला बगल में रखकर बैठे देखा। पुलिस को देखकर महिला के हड़बड़ाने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मयूरी खताबिया पति कन्हैयाल खताबिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी कुचबुंदिया मोहल्ला, गंज वार्ड सिवनी बताया।

समक्ष गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर महिला के पास रखे नीले थैले में अखबार की पुड़ियों में कुल 308 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नकदी 460/- प्राप्त हुए। जिसे विधिवत जप्त कर आरोपिया को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपिया मयूरी खताबिया के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**जप्त मशरूका-** अवैध मादक पदार्थ गांजा 308 ग्राम, कीमत लगभग 3100/-, नकदी - 460/-।

### सराहनीय भूमिका..

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जगमोहन अधिकार, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज मरावी, संतोष साहू, प्रदीप कुमार चौधरी, म.आर. निशा दोनावट, आर. प्रतीक बघेल एवं म.आर. दीपाली बघेल की विशेष भूमिका रही।

# अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं ने किया कीटनाशक का सेवन..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात दो अलग-अलग स्थानों पर दो महिलाओं ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक का सेवन कर लिया।***

हालत गंभीर होने पर दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग समय पर अस्पताल पहुंचीं..

पहली महिला मुस्कान मरावी (19) बंदम गांव की रहने वाली हैं। वहीं दूसरी महिला स्वीकृति टेकाम (26) पटरीपार गांव की निवासी हैं। दोनों को अलग-अलग समय पर गंभीर हालत में घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जबलपुर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार रेफर किए जाने के दौरान 108 एंबुलेंस मिलने में कुछ समय लगा। बाद में एंबुलेंस की व्यवस्था होने पर दोनों को जबलपुर ले जाया गया।

### कारण स्पष्ट नहीं, पुलिस कर रही जांच..

घटना की सूचना मिलने पर घंसौर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस दोनों महिलाओं के परिजनों और संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल कीटनाशक सेवन के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने आत्महत्या के प्रयास, पारिवारिक विवाद या किसी अन्य कारण की पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। दोनों महिलाओं का जबलपुर में उपचार जारी है।

डॉक्टरों का मानना है कि किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या सामाजिक दबाव की स्थिति में जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाने के बजाय परिजनों, मित्रों या स्वास्थ्य विशेषज्ञों से संवाद करना आवश्यक है।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर कीटनाशकों के सुरक्षित भंडारण और उपयोग को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाने पर जोर देता रहा है।

# मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर को गिराना बंद करो - भाकपा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर पिछड़े क्षेत्र उत्तर प्रदेश में स्थित है तथा मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट द्वारा आजम खान के नेतृत्व में एक बहुत बढ़िया यूनिवर्सिटी बनाई गई है जिसका नाम मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर है।

यह ज्ञात है कि समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच राजनीतिक लड़ाई जारी है जिसका खामियाजा उस पिछड़े क्षेत्र के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ेगा यह शिक्षा के क्षेत्र पर बहुत बड़ा प्रहार होगा उस जोहर यूनिवर्सिटी रामपुर को बुलडोजर से जमीडोज करना, हिंदू मुस्लिम का भेद करना किसी भी तरह से उचित नहीं है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ओमप्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके राजेंद्र जायसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश गेंदलाल भलावी अंगद सिंह बघेल महेश पटेल दीपक करोसिया इरफान पठान पवन कुमार सनोदिया आदि ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय से निवेदन किया है कि यदि उस यूनिवर्सिटी के नक्शे पास नहीं है तो उसे पास कर उसे क्षेत्र की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी रामपुर को ध्वस्त करने का निर्णय वापस लेना चाहिए उसे गिराने की भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी निंदा करती है।






विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

4 बुधवार 29 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी, लालबर्रा, बैहर, मलाजखंड, परसवाड़ा..
रामपायली, खैरलांजी, तिरोड़ी, महकेपार, उकवा, गढ़ी, बिरसा, कनकी, बेहरई..


विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भारत की सबसे खतरनाक सड़कों में शामिल ज़ोजिला दर्रा, जहां हर मोड़ पर बढ़ जाती हैं धड़कनें

हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।

***यदि रोमांच, साहस और प्रकृति के अद्भुत नज़ारों का वास्तविक अनुभव करना हो तो कश्मीर और लद्दाख को जोड़ने वाला ज़ोजिला दर्रा एक ऐसी जगह है, जहां पहुंचकर हर व्यक्ति खुद को प्रकृति के सामने बेहद छोटा महसूस करता है।***







समुद्र तल से लगभग 11,578 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह दर्रा भारत के सबसे चुनौतीपूर्ण और खतरनाक सड़क मार्गों में गिना जाता है। यहां की संकरी सड़कें, गहरी खाइयां, तीखे मोड़, भूस्खलन का खतरा और पल-पल बदलता मौसम यात्रा को बेहद रोमांचक और चुनौतीपूर्ण बना देते हैं।

ज़ोजिला दर्रे की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि एक ओर बर्फ से ढके विशाल हिमालयी पर्वत दिखाई देते हैं, तो दूसरी ओर हजारों फीट गहरी घाटियां। कई स्थानों पर आज भी ग्लेशियरों की बर्फ जमी हुई है, जिनसे निकलता बर्फीला पानी सीधे सड़क पर बहता है। ऐसे रास्तों से गुजरते समय वाहन चालकों को बेहद सावधानी बरतनी पड़ती है, क्योंकि एक छोटी सी चूक भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

दर्रे की ऊंचाई से नीचे देखने पर बालटाल घाटी का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है। यही वह स्थान है जहां से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा शुरू करते हैं। ऊंचे पर्वत, घने देवदार के जंगल, बहती सिंध नदी और बादलों से घिरी चोटियां इस स्थान को स्वर्ग जैसी सुंदरता प्रदान करती हैं।

सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण यह मार्ग कई महीनों तक पूरी तरह बंद रहता है। इसके बाद सीमा सड़क संगठन के जवान कठिन परिस्थितियों में बर्फ हटाकर सड़क को फिर से यातायात के लिए खोलते हैं। भारतीय सेना के लिए भी यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि लद्दाख तक सैनिकों और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति का प्रमुख रास्ता यही है।

ज़ोजिला दर्रे की यात्रा के दौरान ऐसा महसूस होता है कि हर मोड़ पर दिल की धड़कनें तेज हो जाती हैं। कभी सामने खड़ी बर्फ की दीवारें, कभी सड़क पर बहता ग्लेशियर का पानी, तो कभी गहरी खाई के किनारे से गुजरता वाहन—हर पल रोमांच और खतरे का अहसास कराता है। लेकिन जैसे ही नजरें चारों ओर फैले हिमालय के अद्भुत सौंदर्य पर पड़ती हैं, सारी थकान और डर पलभर में गायब हो जाता है। ज़ोजिला दर्रा केवल एक सड़क नहीं, बल्कि साहस, धैर्य और प्रकृति की विराट शक्ति का ऐसा संगम है, जिसे देखने और महसूस करने के बाद यह एहसास होता है कि भारत का यह पर्वतीय मार्ग वास्तव में दुनिया के सबसे रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रास्तों में अपनी अलग पहचान रखता है।

# कटंगी में गुरु पूर्णिमा पर सान्दीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली भव्य स्वच्छता रैली, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश..

जगप्रेरणा कटंगी।

***गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्थानीय सान्दीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया***





और आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।यह गरिमामयी रैली सान्दीपनी स्कूल परिसर से पूरे उत्साह के साथ प्रारंभ हुई। हाथों में स्वच्छता संदेश की तख्तियां और नारे लगाते हुए बच्चे नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। यह रैली स्कूल से शुरू होकर नगर के मुख्य केंद्र सिनेमा चौक तक निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने ÷स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत÷ और ÷गुरु पूर्णिमा का यही संदेश, स्वच्छ और सुंदर हो अपना देश÷ जैसे गगनभेदी नारे लगाकर नागरिकों को अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन और प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा।

रैली की गरिमा बढ़ाते हुए सान्दीपनी स्कूल के प्राचार्य श्री यतीन्द्र कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के नोडल अधिकारी श्री श्यामकमल गौतम एवं निर्दोष डोंगरे के मार्गदर्शन में पूरी रूपरेखा तैयार की गई। वहीं, रैली को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की कमान रैली प्रभारी श्री रंजीत कुमार मेश्राम और विशाल राऊतकर ने संभाली।इस सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इनमें वार्ड नंबर 14 के पार्षद प्रतिनिधि खेमु कोचर, वरिष्ठ पत्रकार संजय अग्रवाल और तिलक चौकसे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन सभी अतिथियों ने स्कूली बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करना ही गुरुओं के प्रति सच्ची श्रद्धा होगी।रैली के सफल आयोजन में विद्यालय के सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस अभियान में ऋषभ ठाकुर, फूलचंद शिव, हेमराज लिल्होरे, दीपक चौधरी, शिवप्रसाद सोनवाने, यवनलाल राहुड़, दिनेश बिसेन और संजीव प्रसाद उपाध्याय ने सक्रिय योगदान दिया।साथ ही महिला शिक्षिकाओं में श्रीमती साधना पटले, प्रियंका पटले, जयश्री सोनी, संगीता राहंगडाले, हीना राहंगडाले, लीना शरणागत, सोनम नेवारे, नीतू झोड़े, करूणा धुर्व और अरूणा शेख आदि ने रैली के दौरान बच्चों को अनुशासित रखते हुए स्वच्छता अभियान के इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। सिनेमा चौक पर समापन के दौरान सभी ने नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

# नीट में मॉडल स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा नीति बिसेन ने लहराया परचम..

## 602 अंक हासिल कर एमबीबीएस में बनाया स्थान

जगप्रेरणा बिरसा।

***शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बिरसा की पूर्व छात्रा कु. नीति बिसेन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (हृश्वश्वञ्ज) 2026 में 602 अंक प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।***

नीति बिसेन ने कक्षा 10वीं के बाद मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के तहत चयनित होकर शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय, इंदौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई के साथ नीट परीक्षा की विशेष तैयारी की। शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा समर्पण के बल पर उन्होंने नीट में 602 अंक अर्जित कर प्रदेश के प्रतिष्ठित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस में प्रवेश सुनिश्चित किया।

अपनी सफलता के बाद नीति बिसेन अपने माता-पिता के साथ शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा पहुँचीं, जहाँ विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता की प्रेरक यात्रा साझा की।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित प्रेरक संवाद में नीति बिसेन ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। उन्होंने मोबाइल फोन का सकारात्मक एवं सीमित उपयोग करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी करने तथा समय प्रबंधन को सफलता की अहम कुंजी बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की एक अन्य पूर्व छात्रा कु. आसमा राहंगडाले, जो वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं, ने भी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर निर्माण, व्यक्तित्व विकास और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

दोनों पूर्व छात्राओं के प्रेरणादायक अनुभवों ने विद्यार्थियों में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का उत्साह जगाया। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकगण, अतिथि शिक्षक और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए छात्राओं की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

# उकवा में गूंजा नशा मुक्ति का नारा

# पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निकली विशाल रैली, छात्र-छात्राओं और नगरवासियों ने लिया संकल्प





संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***समाज को नशे की जंजीरों से मुक्त कर स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव रखने के लिए शनिवार को उकवा की सड़कों पर जनजागरण की एक मिसाल देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरे जिले में चलाए***

जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रूपझर थाना क्षेत्र के उकवा में विशाल नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

## थाना प्रभारी के नेतृत्व में निकली रैली

रैली का नेतृत्व रूपझर थाना प्रभारी कामेश धुमकेती ने किया। पुलिस बल, स्स के जवान, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल उकवा के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामवासी तिरंगा और बैनरों के साथ शामिल हुए। ÷नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो÷, ÷स्वस्थ समाज, नशा मुक्त उकवा÷, ÷नशा है जहर, इससे करो किनारा÷ जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

## एसएसयू ने संभाली मोर्चा, घर-घर पहुंचा संदेश

इस अभियान में एसएसयू बल की भूमिका सबसे अहम रही। अनुशासन के साथ स्स जवान रैली में आगे चलते हुए लोगों से सीधा संवाद करते नजर आए। रैली में अर्जुन मेरावी, अभिषेक पंद्रे, फगन वरकड़े, त्रिवेणी रहांगडाले, हिमांशु पटले, सौरभ कामड़े, मेघा, मुकेश टेम्भरे, सहायक उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद बिसेन, प्रधान आरक्षक आर. बिसेन और प्रधान आरक्षक तेजराम उयके सक्रिय रूप से शामिल हुए। जवानों ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड और आवासीय क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं कर युवाओं को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में बताया। साथ ही सभी को नशे के विरुद्ध खड़े होने और अपने साथियों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई।

## शिक्षा जगत और समाज का भरपूर सहयोग

अभियान को जनआंदोलन बनाने में शिक्षा संस्थानों ने अहम भूमिका निभाई। कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पंकज राणा और हायर सेकेंडरी स्कूल उकवा के प्राचार्य राजेंद्र भटेरे अपने समस्त स्टाफऔर विद्यार्थियों के साथ रैली में पहुंचे।

प्राचार्य पंकज राणा ने कहा, ÷शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण जरूरी है। नशा एक पीढ़ी नहीं, पूरे भविष्य को बर्बाद कर देता है।÷

अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक, संतोष सोनी, नितिन कुमार, संदीप दीप, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर प्रतीक हरदे, दीपक भलावी और उकवा के अनेक जागरूक नागरिकों ने भी सहयोग किया।

## पुलिस की सख्ती और समाज की भागीदारी

थाना प्रभारी कामेश धुमकेती ने दुकानदारों, ऑटो चालकों और युवाओं से अपील की कि वे नशे का त्याग करने के साथ-साथ नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

उन्होंने कहा, ÷पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा के निर्देश पर नशे के कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। नशा मुक्ति केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।÷

## संकल्प के साथ हुआ समापन

रैली का समापन एक आम सभा के साथ हुआ। सभी उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह अभियान एक दिन का नहीं है। हर महीने जागरूकता कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक आयोजन कर युवाओं को नशे से दूर रखा जाएगा।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने एसएसयू बल, स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों, क्षेत्र के मीडिया कर्मियों अशोक राउत, संजना बर्वे, सलीम खान, आनंद गोदरे और सभी ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

आयोजकों ने विश्वास जताया कि पुलिस, प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से उकवा को जल्द ही पूर्णतः नशा मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा।

# 10 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा की बैठक में रूपरेखा तय की गई

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के महीने में बोल बम समिति उकवा के तत्वाधान में 10 अगस्त सावन के दूसरे सोमवार को उकवा से बाबा मंडी परसा टोला लगभग 16 किमी हेतु कांवड़ यात्रा हेतु आवश्यक बैठक***



श्री जगन्नाथ मंदिर उकवा के प्रांगण में की गई जिसमें यात्रा प्रमुख आकाश अग्रवाल द्वारा यात्रा की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। यात्रा में बाबा भोले के भक्तों द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।

कांवड़ यात्रा रेंज ऑफिस चौक से प्रारंभ होकर उकवा बस्ती होते हुए समनापुर के रास्ते होते हुए बाबा मंडी तक जाएगी। डीजे की धुन के साथ रास्ते में सभी भक्तों के लिए स्वल्पाहार, चाय, फल, पानी, आदि की व्यवस्था एवं बाबा मंडी में भोजन की व्यवस्था की जाने हेतु सहमति उपस्थित सदस्यों एवं भक्तों ने सब प्रदान की गई।

बैठक में मुख्य रूप से आकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, तरूण रावल, मुकेश गोयल, वैभव चौकसे, कालू चौकसे, ऋषभ अग्रवाल, पंडित समीर शर्मा, अनुज चौकसे, मयंक डीजे, सौरभ अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नेमी गौतम, दीपक चौकसे, रजत चौकसे, जयशंकर यादव, राहुल गिरी एवं जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

# खमीरया क्षेत्र में बिजली की आवाजाही से ग्रामीण परेशान

जगप्रेरणा खमरिया।

***खमरिया जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में बिजली की आवाजाही से ग्रमिणजन परेशान है। बार-बार बिजली आने-जाने से ग्रामीणजनों को खासा परेशानियों का सामना***

करना पड़ रहा है। बिजली कबना जाये कब पठी जाये कोई समय सीमा नहीं हैं। अभी बारिश की दिनों में बिजली की समस्या बनी हुई है।

अभी बारिश का दौर चालु है। रत्रि में ठाँधेरा रहने पर डीई, मकोड़े, सांप बिच्छु के डेकाटने का भय बना रहता है।

इसलिये विद्युत विभाग से मांग है कि अगर किसी प्रकार की विद्युत पोलो में तकनीकी खराबी होलो उसे दुरुस्त कर बिजली की कटौती बंद कर 24 घंटे बिजली प्रदाय करें।

# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# महकेपार चौकी में 10 की जगह सिर्फ2 जवान, पठार इलाके में बढ़ी अवैध तस्करी और आपराधिक घटनाएं

गौरव अग्रवाल, जगप्रेरणा महकेपार।

***महाराष्ट्र सीमा से सटे पठार अंचल में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बनाई गई महकेपार पुलिस चौकी आज खुद ही संसाधनों की कमी से जूझ रही है। बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाना क्षेत्र के अधीन आने वाली इस चौकी में स्वीकृत 10 पदों के मुकाबले पिछले करीब 4 माह से सिर्फ2 पुलिसकर्मी ही ड्यूटी निभा रहे हैं।***




रविवार 26 जुलाई को जब हम मौके पर पहुंचे तो चौकी में केवल 01 प्रधान आरक्षक और 01 आरक्षक ही मौजूद मिले। जिसका सीधा परिणाम जमीन पर दिख रहा है। महाराष्ट्र से लगी सीमा, जंगल, सुनसान रास्ते और 22 गांवों का बड़ा दायरा संभालने वाली इस चौकी पर अवैध तस्करी, अवैध आवागमन और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हो गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि स्टाफकी कमी के कारण पुलिस समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

महकेपार पुलिस चौकी तिरोड़ी तहसील के पठार क्षेत्र में स्थित है। इस क्षेत्र को प्रशासनिक और पुलिस दोनों स्तर पर संवेदनशील माना जाता है, क्योंकि यह इलाका सीधे महाराष्ट्र की सीमा से सटा हुआ है। दो राज्यों के बीच होने वाली तस्करी, अवैध परिवहन और अंतरराज्यीय अपराधों पर नजर रखने के उद्देश्य से ही यहां चौकी स्थापित की गई थी। इस पूरे मामले में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ट्रांसफर सूची आने वाली हैं उसमें महकेपार चौकी के लिए निश्चित तौर पर जवानों को नियुक्ति मिलेगी।

मिली जानकारी अनुसार चौकी के लिए कुल 10 पद स्वीकृत हैं जिसमें 1 एसआई,1 एएसआई, 02 प्रधान आरक्षक और 6 आरक्षक है। लेकिन हकीकत में पिछले 4 महीनों से यहां रोटेशन के आधार पर सिर्फ2 जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। 26 जुलाई रविवार को ग्राउंड विजिट में भी यही तस्वीर मिली। चौकी प्रभारी सहित बाकी पद रिक्त होने के कारण मौजूदा दो जवानों पर ही पूरे क्षेत्र की जिम्मेदारी है। उन्हें दिन में शिकायतें सुननी हैं, कागजी कार्रवाई करनी है, कोर्ट में पेशी निपटानी है और रात में गश्त भी करनी है। 24 घंटे की ड्यूटी और लगातार थकान के कारण उनकी कार्यक्षमता पर भी असर पड़ रहा है।

## 22 गांवों की सुरक्षा एक सवाल-

इस चौकी के अधीन महकेपार, कोड़बी, गोरेघाट, कुड़वा, भोण्डकी, बड़पानी, कोसुंबा, अंबेझरी, खैरलांजी, बाड़ारेव, कन्हड़गांव, कोसम टोला, नवेगांव खुर्द, मासुलखापा, आगरी, संग्रामपुर, लक्ष्मीपुर हमेशा, चिटका देवरी, पथरापेट, किसनपुर हमेशा, गणेशपुर हमेशा और देवरी बुजुर्ग गांव आते है। यह पूरा इलाका वनों से भरा और दूर-दराज का है। कई गांवों तक पहुंचने के लिए कच्चे रास्ते और जंगल के रास्ते ही हैं। सामान्य दिनों में भी यहां पुलिस को पहुंचने में समय लगता है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के अनुसार पुलिस बल की कमी का सबसे बड़ा असर कानून व्यवस्था पर पड़ा है। महाराष्ट्र से सटी सीमा होने के कारण यहां कच्ची शराब, गांजा और अन्य प्रतिबंधित सामान की तस्करी के मामले बढ़े हैं।

रात में गश्त कम होने से तस्कर खुले आम आवाजाही कर रहे हैं। क्षेत्र जंगल से घिरा है। पुलिस की कम उपस्थिति का फायदा उठाकर अवैध लकड़ी कटाई और खनन की शिकायतें भी बढ़ी हैं। दूरस्थ गांवों में चोरी, मारपीट और जमीन विवाद के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस के समय पर न पहुंच पाने से पीड़ितों में असंतोष है। सीमा पार से आने-जाने वाले अपराधियों पर निगरानी कमजोर हुई है। चौकी में पर्याप्त बल न होने से नाकेबंदी और चेकिंग लगभग बंद जैसी स्थिति है।

## दो जवानों पर भारी बोझ-

वर्तमान में तैनात एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को एक साथ कई काम संभालने पड़ रहे हैं। दिन में चौकी में बैठकर शिकायतें दर्ज करना, वरिष्ठ अधिकारियों की रिपोर्ट और डेटा भेजना, कोर्ट में चालान पेशी और गवाही, रात में क्षेत्र में गश्त, पुलिसकर्मी भी मानते है कि अगर एक कहीं निकल जाए तो चौकी खाली रह जाती है।

ग्राम पंचायत महकेपार के सरपंच युवचंद सोनवाने ने कहा, महकेपार चौकी में जवानों की कमी का असर पूरे पठार अंचल में देखने को मिल रहा है। पहले पुलिस की मौजूदगी से लोग सुरक्षित महसूस करते थे। अब आपराधिक गतिविधियों में इजाफा हुआ है। रात में गश्त नहीं होने से लोग डरे हुए हैं। अंबेझरी पंचायत के पूर्व सरपंच सुखदेव सलामे ने भी इसी बात को दोहराया। उन्होंने कहा, यह इलाका संवेदनशील है। यहां स्टाफपूरा होना चाहिए। अभी दो लोग 22 गांव कैसे संभालेगें।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से गृह विभाग, क्षेत्रीय विधायक, सांसद और पुलिस अधीक्षक बालाघाट से मांग की है कि महकेपार चौकी के सभी स्वीकृत पदों पर तत्काल पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जाए। बहरहाल, पठार जैसा संवेदनशील क्षेत्र, 22 गांवों की जिम्मेदारी, और महाराष्ट्र से सटी सीमा इन सबके बीच सिर्फ2 पुलिसकर्मियों से कानून व्यवस्था की उम्मीद करना अव्यवहारिक है। अगर समय रहते स्टाफनहीं बढ़ाया गया तो अपराध और बढ़ सकते हैं। जनता का पुलिस पर से भरोसा कमजोर होगा और तस्करों के लिए यह इलाका और आसान हो जाएगा।

## बोले कटंगी एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा..

ट्रांसफर सूची आने वाली हैं उसमें महकेपार चौकी के लिए निश्चित तौर पर जवानों को नियुक्ति मिलेगी।

# अमानक उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर लगाया गया प्रतिबंध..

जगप्रेरणा लांजी।

***अधिसूचित प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने मप्र राज्य विपणन संघ मर्यादित लांजी की संस्था से लिये गए उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने पर बैच क्रमांक***



बीपीएम/25/06/066 के जिले में क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। उर्वरक निरीक्षक द्वारा 07 जुलाई 2026 को उक्त बैच के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए उज्जैन भेजे गए थे। ब्लू फोस्फेट लिमिटेड मावली जिला उदयपुर द्वारा निर्मित उक्त उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने के कारण यह कार्यवाही की गई है। उर्वरक निर्माता कंपनी को भी नोटिस जारी किया गया है कि उनके द्वारा अमानक पाये गए लॉट का उर्वरक कहॉ कहॉ कितनी मात्रा में प्रदाय किया गया है। निर्माता कंपनी को 07 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

# फडणवीस ने नीट पेपर लीक विरोधी आंदोलन में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज प्राथमिकी वापस लेने के निर्देश दिये

मुंबई, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के गृह विभाग से राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक के खिलाफराज्य के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों में शामिल लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी वापस***



लेने को कहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, पिछले सप्ताह अधिकतर प्रदर्शन मुंबई, पुणे और नागपुर में हुए थे। ये पुलिस मामले कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक विरोधी आंदोलन के समर्थन में किए गए प्रदर्शनों से जुड़े थे। इन मामलों में मुख्य रूप से गैरकानूनी जमावड़े से संबंधित धाराएं लगाई गई थीं। सूत्रों ने बताया कि गृह विभाग संभाल रहे फडणवीस ने राज्य में प्रदर्शनकारियों के खिलाफपुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी वापस लेने के निर्देश दिए हैं। बड़ी संख्या में छात्रों, युवाओं और कार्यकर्ताओं ने मई में हुए नीट पेपर लीक मामले को लेकर राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किए थे। प्रदर्शनकारियों ने तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और शिक्षा क्षेत्र में सुधार की मांग की थी। इनमें से अधिकतर प्रदर्शन 23 और 24 जुलाई को हुए थे।

सोमवार को कॉजपा ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर हालिया आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों की तत्काल रिहाई और पहले से दर्ज सभी प्राथमिकी वापस लेने की मांग की थी। उसने यह भी मांग की थी कि भविष्य में कोई नया मामला दर्ज नहीं किया जाए।

कॉजपा ने चेतावनी दी थी कि यदि सरकार मंगलवार तक लिखित समझौता मुहैया नहीं कराती है, तो वह अपना आंदोलन फिर शुरू करेगा। इससे पहले, दिन में विपक्षी शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने भी नीट पेपर लीक के खिलाफसड़कों पर उतरे लोगों के खिलाफदर्ज प्राथमिकी और नोटिस वापस लेने की मांग की थी।

# वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत को दी गई भावभीनी विदाई, अधिकारी एवं कर्मचारी हुए भावुक

जगप्रेरणा बिरसा।

***मौजूदा समय में किसी अधिकारी कर्मचारी के स्थानांतरण या सेवा निवृत होने पर विदाई समारोह का होना आम हो गया है जिसमें फूल माला पहनाकर कार्यक्रम समाप्त कर दिया जाता है लेकिन 27 जुलाई की शाम का***









वह नजारा देखकर हर वह शख्स भावुक हो गया जब अपने दैनिक कर्मचारियों का नाम लेकर उनकी तारीफ के पुल बांध दिया जिससे तारीफकरने वाला व तारीफसुनने वाले दोनों भावुक हो गए,जिसका कारण था दोनों का एक साथ ज्यादातर साथ ही रहना जिससे आत्मीयता होना लाजिमी है। किसी अधिकारी के सबसे करीबी उनका वाहन चालक व निवास स्थल का देखभाल करने वाला कर्मचारी होता है जिनकी तारीफहोनी चाहिए वहीं रेंजर सौरभ शरणागत ने किया जिसे हर अधिकारी को करना चाहिए।नजारा था बिरसा वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत के विदाई समारोह का जहां सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में अपनी कार्यकुशलता और जन-सहभागिता के लिए पहचाने जाने वाले वन परिक्षेत्र अधिकारी सामान्य सौरभ शरणागत को उनके 4 वर्षों के सफल कार्यकाल के पश्चात 27 जुलाई को बिरसा में एक गरिमामयी एवं भावुक माहौल में विदाई दी गई। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं समस्त वन परिवार ने उनकी सेवाओं को याद करते हुए उन्हें आत्मीय विदाई दी।

## 4 वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियाँ

सौरभ शरणागत के 4 साल के कार्यकाल को क्षेत्र में वन संरक्षण, अतिक्रमण मुक्ति और जन-सहभागिता के एक नए युग के रूप में याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल की मुख्य उपलब्धियाँ निम्नलिखित रहीं।

वन अपराधों पर कड़ा नियंत्रण: लगभग 20 से अधिक न्यायालयीन प्रकरणों के माध्यम से वन अपराधियों पर शिकंजा कसा गया, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगी।

## संयुक्त वन प्रबंधन को मजबूती

सुन्दरवाही, मानेगांव, सिंघनपुरी, डोंगरिया, बोरी सहित कई वन समितियों में माइक्रोप्लान का प्रभावी क्रियान्वयन कराया गया। इससे समितियों को प्रत्यक्ष आमदनी हुई और स्थानीय ग्रामीणों का वन संरक्षण के प्रति विश्वास व जुड़ाव और मजबूत हुआ।

## व्यापक वृक्षारोपण अभियान

क्षेत्र के लगभग 20 अलग-अलग स्थानों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराकर हरियाली बढ़ाने में अभूतपूर्व योगदान दिया गया।

## अतिक्रमण मुक्ति कार्रवाई

दृढ़ संकल्प के साथ लगभग 70 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, वहीं अन्य अतिक्रामकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रखी गई। स्वयं उपस्थित रहकर स्कूलों और वन समितियों में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

## ग्रामीणों से सीधा और आत्मीय जुड़ाव

पारंपरिक सरकारी रवैये से हटकर उन्होंने ग्रामीणों और समितियों से सीधा संवाद कायम किया। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन और समितियों के बीच जाकर अपना जन्मदिन मनाना जैसे प्रयासों से वे सीधे जनता के दिल में उतरे।

ग्रामीणों व समितियों के सहयोग से बिना किसी सरकारी वित्तीय सहायता के हजारों पौधे तैयार करवाए गए और उन्हें खाली पड़े वन क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थानों पर रोपा गया।

## विदाई समारोह में उमड़ा जनसैलाब

आयोजित विदाई समारोह में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अधिकारी तो कई आते-जाते हैं, लेकिन जो जनता से सीधा जुड़कर और वनों की रक्षा को अपना धर्म मानकर काम करते हैं, उन्हें हमेशा याद रखा जाता है।

समारोह में उपस्थित प्रमुख अतिथि एवं गणमान्य नागरिक आशुतोष सिंह वन परिक्षेत्र अधिकारी, दक्षिण उकवा, कृष्णकुमार नामदेव वन परिक्षेत्र अधिकारी, बैहर सामान्य,सौरभ शर्मा (प्राचार्य, शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, बिरसा, हेमंत साहू जनपद उपाध्यक्ष, बिरसा,सुनील राहंगडाले मंडल अध्यक्ष, बिरसा,चित्रसेन ठाकरे मंडल अध्यक्ष, मंडई, देवेन मरकाम मंडल सदस्य,वरिष्ठ पत्रकार मामराज शरणागत व वन परिक्षेत्र बिरसा दमोह के वनपाल व वन रक्षक में विनय कुमार धुर्वे वनपाल शिवप्रसाद सरोते वनपाल,मुकेश घोरमारे - वनपाल, फूलचंदलाल धुर्वे - वनपाल खेमराज नागेश्वर वनपाल, बुद्धिराज बघेल वनरक्षक, संतराम उइके वनरक्षक,लक्ष्मण पंद्रे वनरक्षक, मोहन मेरावी वनरक्षक, श्रीमती इन्दु राहंगडाले वनरक्षक,अंकित शुक्ला वनरक्षक, अनिल भारद्वाज वनरक्षक, जीवनलाल वररकड़े वनपाल, देवेन्द्र मरावी वनपाल, अजीवदास सोनेवाने वनरक्षक, अमर पंद्रे वनरक्षक, सूरज नायक वनरक्षक, निलेश गौतम वनरक्षक होतम बघेल वनरक्षक, पंकज मेरावी वनरक्षक, विजय आमाडोरे वनपाल, धर्मेन्द्र कुमार जाटव वनरक्षक, जाकिर खान वनरक्षक, बसंत चौरिया वनरक्षक, राहुल कार वनरक्षक, शिवकुमार तिलगाम वनरक्षक, आनंद तिवारी वनरक्षक, धनुकसिंह धुर्वे, ओमप्रकाश यादव वनरक्षक, सुनील कुमार वर्मा वनरक्षक, प्रदीप असरकर वन रक्षक साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वन समितियों के प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं समस्त वन परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने श्री शरणागत सर को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न एवं शॉल-श्रीफल भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन की कामना कर शुभकामनायें दी गयी।

# तमिलनाडु को कावेरी का पानी छोड़ने के आदेश के लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार : कर्नाटक भाजपा..

बेंगलुरु, (भाषा)।

***भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने का कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) का निर्देश राज्य का पक्ष प्रभावी ढंग से***

रखने में कांग्रेस सरकार की ''विफलता'' का परिणाम है। भाजपा ने मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार से आग्रह किया कि वह तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी नहीं छोड़ें, अपील दायर करके तुरंत आदेश को चुनौती दें और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाएं। विपक्षी दल के नेताओं ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार पर तमिलनाडु के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सरकार कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों पर काम कर रही है, क्योंकि पड़ोसी राज्य में कांग्रेस तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का हिस्सा है।

कावेरी जल विनियमन समिति ने मंगलवार को कर्नाटक को निर्देश दिया कि वह 29 जुलाई से 15 दिनों तक बिलिगुंडलु में 3,500 क्यूसेक पानी का प्रवाह सुनिश्चित करे, जिसके तहत लगभग चार टीएमसी पानी छोड़ा जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, कर्नाटक ने सीडब्ल्यूआरसी के समक्ष तर्क दिया था कि राज्य तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि कावेरी बेसिन गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है, इसके बावजूद आयोग ने तमिलनाडु को पानी छोड़ने का आदेश दिया।

विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा, ''कावेरी नदी के पानी के मुद्दे पर कर्नाटक सरकार एक बार फिर नाकाम रही है। उसे 15 दिनों तक 3,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया गया है। इससे कावेरी को लेकर डी. के. शिवकुमार की चिंता साफजाहिर होती है। राज्य सरकार कर्नाटक का पक्ष मजबूती से रखने में विफल रही है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि जल संसाधन मंत्री रामलिंगा रेड्डी इस विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि उनकी इसमें रुचि नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि दिलचस्पी की कमी और लापरवाही के कारण ही यह आदेश आया है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार को पानी छोड़े बिना ही इस आदेश के खिलाफअपील करनी चाहिए।'' मैसूर में पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री शिवकुमार पर कावेरी बेसिन में किसानों के हितों की रक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया।

# ठाणे में व्यक्ति गिरफ्तार, तीन करोड़ रुपये का मेफेड्रोन बरामद

ठाणे, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के ठाणे शहर में पुलिस ने कथित तौर पर तीन करोड़ रुपये मूल्य की मेफेड्रोन रखने के आरोप में 30-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।***

एक अधिकारी ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर अपराध शाखा की एक टीम ने जाल बिछाया और रविवार रात करीब साढ़े 10 बजे कल्याण फाटा के पास ऑटोरिक्शा से पहुंचे आरोपी को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी -सलमान मुन्ना शेख- मुंब्रा का रहने वाला है और उसके पास से 1.5 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अमरसिंह जाधव ने बताया कि शेख का नाम पहले हत्या के प्रयास के एक मामले में सामने आ चुका है। पुलिस यह पता लगा रही है कि क्या वह मादक पदार्थों की तस्करी में भी शामिल रहा है। डीसीपी जाधव ने कहा, ''हमने उन लोगों की पहचान कर ली है, जिन्होंने उसे मादक पदार्थ उपलब्ध कराए थे और इस दिशा में जांच तेजी से आगे बढ़ रही है।'' अधिकारी ने बताया कि शेख के खिलाफस्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसे 31 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## अनाहत ने ओलंपिक में पदक हासिल करने के लिए हार्वर्ड में पढ़ाई करने की योजना टाली..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***विश्व जूनियर चैंपियन स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने खुलासा किया है कि उन्होंने 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए तैयारियों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने की योजना फिलहाल टाल दी है।***



अनाहत भी अपनी बड़ी बहन अमीरा के नक्शेकदम पर चलकर हार्वर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहती है। लेकिन अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अपना सारा ध्यान इस साल होने वाले एशियाई खेलों और 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी में लगाना चाहती है।

अनाहत ने पीटीआई से कहा, 'मुझे इस साल कॉलेज जाना था, लेकिन एशियाई खेलों के कारण मैंने एक साल का ब्रेक लेने का फैसला किया। अब मुझे समझ आ गया है कि लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारियों के लिहाज से यह साल मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं इस साल पढ़ाई के बजाय अपने खेल पर ध्यान देना चाहती हूं। मैं इस साल सिर्फ स्क्वाश पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि ओलंपिक में भाग लेने से पहले मैं अपने चरम पर रहूं।' विश्व जूनियर चैंपियन बनने के बाद अनाहत का लक्ष्य अब सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं।

एशियाई खेलों में अगर अनाहत को स्वर्ण पदक जीतना है तो उन्हें मलेशिया की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी शिवसंगारी सुब्रमण्यम और जापान की छठे नंबर की खिलाड़ी सतोमी वतनबे जैसी खिलाड़ियों पर जीत दर्ज करने के तरीके खोजने होंगे। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर वह ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। उन्होंने कहा, 'विश्व जूनियर चैंपियन बनने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मेरे कहने का मतलब है कि अगर मैं नहीं जीत पाती तो तब भी बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ना था लेकिन इस जीत से निश्चित तौर पर मैं काफी उत्साहित हूं।'

अनाहत ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों में भाग लेने वाली लगभग प्रत्येक खिलाड़ी के खिलाफ खेल चुकी हूं। मैं अब अपना पूरा ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहती हूं। अगर मुझे ओलंपिक में खेलने का मौका मिलता है तो यह सपना सच होने जैसा होगा।' अनाहत ने रैकेट खेलों में अपना सफर बैडमिंटन से शुरू किया और बाद में स्क्वाश को अपनाया। वह पीवी सिंधू को अपना आदर्श मानती हैं, जो उन लोगों में शामिल थीं जिन्होंने ओंटारियो में उनकी ऐतिहासिक जीत पर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। अनाहत ने कहा, 'प्रधानमंत्री का पोस्ट देखकर मैं गदगद हो गई। उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इसके अलावा पीवी सिंधू से बधाई संदेश मिलना भी महत्वपूर्ण था। मैं लगभग चार या पांच साल की उम्र से उनका अनुसरण कर रही हूं और जब से मैंने खेल जगत में कदम रखा है, वह मेरे लिए प्रेरणा रही हैं।' मिस्र लंबे समय से स्क्वाश में अपना दबदबा बनाए हुए है, लेकिन अनाहत को पेशेवर सर्किट में उस देश के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते समय कोई अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं होता। उन्होंने क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में मिस्र की खिलाड़ियों का सामना किया और जीत हासिल की। उन्होंने कहा, 'मिस्र का बुनियादी ढांचा बहुत अच्छा है और इसलिए वह सर्वश्रेष्ठ है। पिछली बार विश्व जूनियर चैंपियनशिप मिस्र में हुई थी पर मैं उनकी तैयारी को देखकर हैरान थी। वे रात 10-11 बजे तक खेल रहे थे।'

## दिग्गज एक्ट्रेस पवाला श्यामला का 75 की उम्र में निधन, सड़क पर बेसहारा मिलने के कुछ दिनों बाद गई जान, सामने आई मौत की वजह...

डेस्क जगप्रेरणा।

***तेलुगु सिनेमा की जानी-मानी वरिष्ठ अभिनेत्री पवाला श्यामला का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। हैदराबाद स्थित उस्मानिया जनरल अस्पताल में इलाज के दौरान कार्डियक अरेस्ट के कारण उन्होंने अंतिम सांस ली।***



मंगलवार 28 जुलाई की सुबह तड़के 1:52 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लंबे समय से स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याओं से जूझ रही अभिनेत्री के निधन की खबर से टॉलीवुड में शोक व्याप्त है। एक्ट्रेस के निधन पर सितारे दुख जाहिर कर रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही एक्ट्रेस सड़क पर बेसहारा मिली थीं।

### उस्मानिया अस्पताल में ली अंतिम सांस..

अस्पताल के प्रवक्ताओं द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार पवाला श्यामला पिछले कुछ समय से उम्र से संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थीं। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें उस्मानिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां तड़के उन्हें एक बड़ा दिल का दौरा पड़ा और डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके पार्थिव शरीर को फिलहाल अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखा गया है। उनके अंतिम संस्कार से जुड़ी जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।

### आखिरी दिनों में झेली आर्थिक और शारीरिक तंगी..

तीन दशकों से अधिक समय तक तेलुगु सिनेमा में सह-कलाकार के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाली पवाला श्यामला के जीवन के अंतिम वर्ष बेहद कठिनाइयों भरे रहे। अपनी खुद की गिरती सेहत के साथ-साथ वे अपनी बीमार बेटी की देखभाल की ज़िम्मेदारी भी अकेले ही उठा रही थीं। आर्थिक तंगी का आलम यह था कि इसी वर्ष मई महीने में पैसों की कमी के कारण एक अस्पताल ने उन्हें इलाज देने से इनकार कर दिया था।

### सड़क पर मिली थीं एक्ट्रेस..

अस्पताल से वापस भेजे जाने के बाद एक टैक्सी ड्राइवर ने उन्हें रात के वक्त बीच सड़क पर छोड़ दिया था। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उन्हें बचाया और आरके फाउंडेशन पहुंचाया। इसके बाद प्रोड्यूसर और फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के चेयरमैन दिल राजू और उनकी टीम ने हस्तक्षेप करते हुए उनके इलाज की व्यवस्था की थी। इससे पहले दिसंबर 2025 में भी घर का किराया न चुका पाने के कारण उन्हें रहने की जगह से निकाल दिया गया था, जहां पुलिस ने समय पर पहुंचकर उन्हें और उनकी बेटी को एक चैरिटेबल होम में आश्रय दिलाया था।

### तेलुगु सिनेमा में योगदान और साथी कलाकारों का सहयोग..

पवाला श्यामला ने अपने करियर में कई यादगार हास्य और सहयोगी भूमिकाएं निभाई। 'गोलिमार', 'खड़गम', 'आंध्रावाला' और 'वर्षम' जैसी लोकप्रिय फिल्मों में उनके अभिनय को काफी सराहा गया। उन्होंने चिरंजीवी, प्रभास, जूनियर एनटीआर और ऑलू अर्जुन जैसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन साझा की। साल 2019 में आई फिल्म 'माथू वदलारा' उनकी आखिरी प्रमुख फिल्म थी। उनके कई कॉमिक सीन्स सोशल मीडिया पर मीम्स के रूप में आज भी पसंद किए जाते हैं। उनके कठिन दिनों में फिल्म इंडस्ट्री के कई दिग्गजों ने उनकी मदद की थी। साल 2021 में प्रसिद्ध निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके ने सोशल मीडिया के जरिए लोगों से उनकी सहायता करने की अपील की थी। इसके अलावा चिरंजीवी, पवन कल्याण, ऑलू अर्जुन और साई दुर्गा तेज भी उनकी मदद के लिए आगे आए थे।

## देव आनंद के बेटे सुनील आनंद का निधन, हार्ट अटैक से गई जान, 70 की उम्र में ली आखिरी सांस, परिवार ने की पुष्टि..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिंदी सिनेमा के दिग्गज दिवंगत कलाकार देव आनंद के बेटे, 70 वर्षीय सुनील आनंद का लंदन में हार्ट अटैक से निधन हो गया। सुनील आनंद के परिवार ने उनके निधन की पुष्टी की है।***



परिवार के अनुसार, हार्ट अटैक के चलते सुनील आनंद ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जारी बयान में बताया गया कि हार्ट अटैक के बाद सुनील आनंद को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। इस खबर से पूरी फिल्म इंडस्ट्री और अभिनेता के फैंस शोक में डूब गए हैं।

### परिवार ने की सुनील आनंद के निधन की पुष्टि..

देव आनंद की नातिन और सुनील आनंद की भांजी जीना नारंग ने सुनाल आनंद के निधन की पुष्टि करते हुए ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी किया। अपने बयान में जीना ने कहा- 'भारी मन से, हमारा परिवार सुनील आनंद के निधन की पुष्टि करता है और शोक व्यक्त करता है। हमें मिल रहे प्यार, दुआओं और समर्थन से बहुत हिम्मत मिली है, जिसके लिए हम सचमुच आभारी हैं। हम इस मुश्किल समय में प्राइवेसी बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।'

### सुनील आनंद के बारे में..

सुनील आनंद, हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और फिल्म निर्माता देव आनंद और अभिनेत्री कल्पना कार्तिक के बेटे थे। उनका जन्म स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में हुआ था। उन्होंने 1984 की फिल्म 'आनंद और आनंद' से बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनके साथ उनके पिता और दिग्गज अभिनेता देव आनंद भी थे।। इस फिल्म में उनके पिता भी थे और यह उनकी पहली ऑन-स्क्रीन साथ काम करने वाली फिल्म थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। इसके बाद वो 'कार थीफ' और 'मैं तेरे लिए' जैसी फिल्मों में नजर आए। लेकिन, कोई भी फिल्म उनके एक्टिंग करियर को पटरी पर नहीं ला सकी। फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने के बाद, सुनील लाइमलाइट से दूर हो गए और मुंबई में अपने पिता देव आनंद के प्रोडक्शन हाउस, 'नवकेतन फिल्म्स' को संभालने पर ध्यान दिया।

### 2011 में हो गया था देव आनंद का निधन..

हिंदी सिनेमा के महानतम सितारों में गिने जाने वाले देव आनंद का 2011 में 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। जिसके बाद पूरा परिवार काफी टूट गया था। सितंबर 2023 में देव आनंद की 100वीं जयंती पर, सुनील आनंद ने अपने पिता को याद किया और उनके साथ अपने घनिष्ठ संबंध और उनकी विरासत के बारे में खुलकर चर्चा की थी। उन्होंने इस दौरान बताया था कि उन्होंने लगभग चार दशक अपने पिता देव आनंद की विरासत, उनके प्रोडक्शन हाउस, नवकेतन फिल्म्स की देखभाल में बिताए थे।

### बॉलीवुड के पहले फैशन आइकन थे देव आनंद..

देव आनंद अपने समय के सबसे बड़े सितारों में से थे। उनसे जुड़े कई किस्से आज भी मशहूर हैं। यही नहीं, देव आनंद को बॉलीवुड का पहला फैशन आइकन भी माना जाता है। उन्होंने 'प्रेम पुजारी', 'गाइड', 'मंजिल' और 'हरे कृष्णा हरे रामा' जैसी सुपरहिट फिल्मों के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी अलग पहचान स्थापित की थी। वह अभिनेता के साथ-साथ लेखक, निर्देशक और निर्माता भी थे।

## जब शूटिंग से ठीक पहले राघव जुयाल को फिल्म से निकाला गया, अब छलका दर्द, बोले- लीड एक्टर ने बाहर करा दिया था..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मशहूर डांसर, होस्ट और अभिनेता राघव जुयाल अपने करियर के एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुके हैं। आगामी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के जरिए वे पहली बार एक सोलो लीड के रूप में बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं।***



इस बड़ी उपलब्धि से पहले राघव ने अपने शुरुआती संघर्ष के दिनों को याद करते हुए एक ऐसा वाकया साझा किया, जिसने उन्हें अंदर से काफी ठेस पहुंचाई थी। उन्होंने खुलासा किया कि कैसे शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले उन्हें बिना किसी स्पष्ट वजह के एक बड़ी फिल्म से बाहर कर दिया गया था।

### शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले अचानक रुक गए फोन कॉल्स..

न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू के दौरान राघव ने बताया कि यह घटना उनकी चर्चित फिल्म 'किल' मिलने से कुछ समय पहले की है। एक बड़े प्रोडक्शन स्टूडियो की फिल्म के लिए उनका चयन हो चुका था और वे शूटिंग शुरू करने की पूरी तैयारी कर चुके थे,

लेकिन अचानक मेकर्स की तरफ से संपर्क होना बंद हो गया। जब राघव ने इस बारे में जानकारी ली तो उन्हें बताया गया कि फिल्म के लिए किसी बड़े और जाने-पहचाने चेहरे की तलाश की जा रही है।

### मुख्य अभिनेता के कहने पर फिल्म से बाहर किए गए राघव..

हमेशा अपने मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाने वाले राघव ने शुरुआत में इस स्थिति को भी हल्के-फुल्के अंदाज में लिया। उन्होंने मेकर्स से मजाक में कहा कि वे थोड़ा खा-पीकर अपना चेहरा बड़ा कर लेंगे। हालांकि बाद में जब उन्हें असली वजह का पता चला तो उन्हें गहरा सदमा लगा। राघव को जानकारी मिली कि उस फिल्म के मुख्य अभिनेता ने खुद मेकर्स से कहकर उन्हें फिल्म से हटवाया था। इस बात का राघव को उस समय बहुत दुख हुआ था।

### नियति पर विश्वास और 'किल' से मिली बड़ी पहचान..

राघव का मानना है कि जो होता है, अच्छे के लिए ही होता है। जिस प्रोजेक्ट से उन्हें निकाला गया था, वह फिल्म आखिर कभी बन ही नहीं पाई। राघव ने ईश्वर का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि अच्छा हुआ वे उस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बने। इसके बाद उन्हें निर्देशक निखिल नागेश भट्ट की एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'किल' में लक्ष्य के साथ काम करने का मौका मिला। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़े और राघव के अभिनय की काफी सराहना हुई।

### 30 जुलाई 2026 को रिलीज होगी 'भाई तेरा स्टार है'..

अब राघव जुयाल अपनी नई फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' के साथ दर्शकों के सामने आने को तैयार हैं। इसके ट्रेलर को काफी पसंद किया गया। विवेक बी अग्रवाल के निर्देशन में बनी यह फिल्म 30 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म में राघव के अलावा संजय कपूर, निहारिका एनएम और निकी वालिया भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। सोलो लीड के तौर पर राघव के इस नए सफर को लेकर उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं।

## महान फुटबॉल खिलाड़ी जिनेदीन जिदान फ्रांस के कोच बने..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अपने करिश्माई खेल से महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार जिनेदीन जिदान को फ्रांस का नया कोच बनाया गया है जो दिदियेर देसचैम्प्स की जगह लेंगे। फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष फिलिपे दियालो ने मंगलवार को एफएफएफ के मुख्यालय पर यह घोषणा की।***



जिदान के साथ चार साल का अनुबंध किया गया है। जिदान ने कहा, 'मैं काफी रोमांचित हूं। फ्रांस टीम आपको सपने देखने का मौका देती है । हमारे पास असाधारण खिलाड़ी और बेहतरीन टीम है।' उन्होंने कहा, 'मैने इस मौके के लिये पांच साल इंतजार किया है इसलिये थोड़ा भावुक हो रहा हूं । मैने एक प्रशंसक और भावी कोच के रूप में हमेशा इस टीम को देखा है । इसलिये मैने रीयाल मैड्रिड छोड़ने के बाद किसी क्लब से नहीं जुड़ने का फैसला लिया।'

वहीं दियालो ने कहा,'यह असाधारण पल है । उस व्यक्ति की वजह से जो मेरे बगल में बैठा है । जिनेदीन फ्रेंच फुटबॉल के लीजैंड रहे हैं और कई साल से वह कहते आये हैं कि उनका एक सपना फ्रांस टीम की बागडोर संभालना है।' 54 वर्ष के जिदान 2021 में रीयाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम के कोच नहीं है। जिदान ने कहा, 'मेरे लिये यह एक सपना है । पांच साल जब मैं कोचिंग नहीं कर रहा था तो मेरे पास एक क्लब का प्रस्ताव था जिसे मैने फ्रांस टीम के लिये ठुकरा दिया। मैं सिर्फ फ्रांस का कोच बनना चाहता था।' उन्होंने कहा, 'मेरे कई जज्बात इससे जुड़े हैं । मैं चुनौती के लिये तैयार हूं । इससे मुझे प्रेरणा मिलती है ।' स्पेन के हाथों विश्व कप सेमीफाइनल हारने के बाद देसचैम्प्स 14 साल के कार्यकाल के बाद फ्रांस टीम के कोच के पद से हट गए थे ।

जिदान ने कहा, 'आज मेरे पास इस टीम की बागडोर है और मैं इसे शिखर तक पहुंचाने में सब कुछ झोंक दूंगा । मुझे खेल से प्रेरणा मिलती है । मैं दस नंबर की जर्सी पहनता था और मुझे गोल करना पसंद था । मैं मैदान पर अगुवाई करता था और अब अपने अनुभव के दम पर मैदान के बाहर से अगुवाई करना चाहता हूं ।'

2016 में रीयाल मैड्रिड से जुड़े जिदान लगातार तीन साल युएफा चैम्पियंस लीग जीतने वाले पहले कोच बने । फ्रांस के महानतम खिलाड़ियों में से एक 'जिजोउ' ने 108 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31 गोल किये । वह 1998 विश्व कप और 2000 यूरो चैम्पियनशिप में फ्रांस की खिताबी जीत के नायक रहे । वह फ्रांस के कोच के रूप में 25 सितंबर को तुर्की के खिलाफ नेशंस लीग में नजर आयेंगे। फ्रांस के प्रशंसकों को दो अक्टूबर तक इंतजार करना होगा जब उनकी टीम इटली के खिलाफ खेलेगी । दो दशक पहले 2006 विश्व कप फाइनल में इटली के डिफेंडर मार्को मातेराज्जी की छाती पर सिर से प्रहार करने के कारण जिदान को रेडकार्ड मिला था। फ्रांस वह मैच हार गया और जिदान ने भी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से विदा ले ली थी ।

## घर की छत से भारतीय टेस्ट टीम तकः पिता की कोचिंग में निखरकर सफेद जर्सी पहनने को तैयार सारांश..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय क्रिकेट टीम तक पहुंचने का सारांश जैन का सफर किसी क्रिकेट अकादमी से नहीं, बल्कि इंदौर में उनके घर की छत से शुरू हुआ था।***



मध्यप्रदेश के ऑलराउंडर सारांश को अगले महीने श्रीलंका में खेली जाने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उनके चयन के बाद उनके परिवार में जश्न का माहौल है। सारांश के पिता सुबोध जैन भी मध्यप्रदेश के लिए रणजी ट्रॉफी खेल चुके हैं। जब सारांश छोटे थे, तब सुबोध जैन उन्हें घर की छत पर घंटों अभ्यास कराते थे।

सारांश की मां संगीता जैन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ÷जब भी मेरे पति को समय मिलता था, वह छत पर नेट लगाकर सारांश को अभ्यास करवाते थे। कई बार खेलते समय सारांश के हाथ में चोट लग जाती थी, लेकिन वह कभी पीछे नहीं हटता था। पट्टी बांधकर फिर अभ्यास शुरू कर देता था।' उन्होंने बताया कि बचपन में सारांश के क्रिकेट अभ्यास से कई बार पड़ोसियों को परेशानी भी होती थी।

बेटे की उपलब्धि पर भावुक मां ने कहा, 'छत पर सारांश के अभ्यास से कई बार पड़ोसियों की खिड़कियों के शीशे टूट जाते थे। तब सारांश के पिता कहते थे कि वह नया शीशा लगवा देंगे, लेकिन एक दिन ये ही पड़ोसी इस बच्चे पर गर्व करेंगे।' सारांश के खेल की एक खूबी उनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी का खास संयोजन भी है। वह दाएं हाथ से ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते हैं और बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं।

सारांश के बड़े भाई सौरभ जैन ने बताया कि बचपन में सारांश दाएं हाथ से बल्लेबाजी करते थे, लेकिन पिता ने उनकी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें बाएं हाथ से बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया। सौरभ ने कहा, 'मैं दाएं हाथ से बल्लेबाजी करता हूं, इसलिए सारांश भी मुझे देखकर दाएं हाथ से खेलता था। लेकिन एक दिन पापा ने देखा कि वह बाएं हाथ से बेहतर खेल रहा है और उसके शॉट अच्छे निकल रहे हैं। तब उन्होंने कहा-बेटा, तू लेफ्टी बल्लेबाज बनेगा।'

पूर्व रणजी खिलाड़ी सुबोध जैन ने कहा कि इन दिनों अक्सर देखा जा रहा है कि आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद खिलाड़ी भारतीय टीम में चुने जाते हैं, लेकिन उनके बेटे ने मुख्य रूप से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना लोहा मनवाकर टीम इंडिया में जगह बनाई है। उन्होंने कहा, 'सारांश मैदान पर एक योद्धा की तरह खेलता है। वह जो ठान लेता है, उसे पूरा करके ही दम लेता है।' सारांश का परिवार अब उस पल का इंतजार कर रहा है, जब वह भारतीय टीम की सफेद जर्सी पहनकर मैदान पर उतरेंगे।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## इसे काकरोच पार्टी की जीत कहें या मोदी सरकार की संवेदनशीलता

लोकतंत्र में किसी आंदोलन की सफलता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि आंदोलन समाप्त हो गया, सरकार ने कुछ आश्वासन दिए या आंदोलनकारियों की बात सुनते हुए समाधान की दिशा में कदम बढ़ाए। वास्तविक कसौटी यह होती है कि क्या उस प्रक्रिया से किसी जनसमस्या का समाधान निकला और क्या उससे लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा संवाद की संस्कृति को बल मिला।

हाल ही में जंतर-मंतर पर काकरोच पार्टी का आंदोलन समाप्त हुआ। इसके बाद पार्टी के कुछ नेताओं ने इसे अपनी बड़ी राजनीतिक जीत बताते हुए सार्वजनिक रूप से कहा कि ÷सरकार झुकती है, उसे झुकाने वाला चाहिए।÷ यदि यही आंदोलन की आधिकारिक राजनीतिक व्याख्या है, तो यह केवल विजय-घोषणा नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श का भी विषय है। ऐसी भाषा में राजनीतिक आत्मविश्वास के साथ-साथ आत्ममुग्धता का आभास भी मिलता है, जो लोकतांत्रिक संवाद की मूल भावना के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र में सरकार का संवाद के लिए आगे आना या किसी मांग पर पुनर्विचार करना उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि संवैधानिक उत्तरदायित्व और जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचायक है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार का दायित्व है कि वह जनता की बात सुने, विरोध के अधिकार का सम्मान करे और आवश्यकता पड़ने पर अपने निर्णयों की समीक्षा भी करे। यदि इस स्वाभाविक लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ÷सरकार को झुकाना÷ कहा जाए, तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की अपेक्षा राजनीतिक वर्चस्व की मानसिकता को अधिक प्रतिबिंबित करता है।

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा में संवाद को कभी पराजय नहीं माना गया। यदि सरकार जनता की अपेक्षाओं विशेषकर विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बातचीत का मार्ग अपनाती है, तो यह उसकी परिपक्वता है। इसी प्रकार यदि विपक्ष या कोई राजनीतिक दल जनहित के किसी मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाता है और उसके परिणामस्वरूप सकारात्मक परिवर्तन होते हैं, तो उसका लोकतांत्रिक योगदान भी स्वीकार किया जाना चाहिए। किंतु लोकतांत्रिक श्रेय और राजनीतिक अहंकार के बीच एक स्पष्ट अंतर होता है।

वर्तमान राजनीति में लगभग प्रत्येक निर्णय को किसी एक पक्ष की ÷जीत÷ और दूसरे की ÷हार÷ के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। जंतर-मंतर आंदोलन की समाप्ति के बाद भी विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने दृष्टिकोण से इसका श्रेय लेने का प्रयास करेंगे। किंतु ऐसी प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र के सहयोगात्मक चरित्र को कमजोर करती है। यदि हर संवाद के बाद कोई पक्ष स्वयं को विजेता और दूसरे को पराजित घोषित करने लगे, तो भविष्य में सार्थक संवाद की संभावनाएँ भी प्रभावित हो सकती हैं।

यह भी स्मरणीय है कि सरकारें किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की होती हैं। इसलिए किसी आंदोलन के बाद सरकार यदि चर्चा या समाधान की दिशा में आगे बढ़ती है, तो वह किसी दल के दबाव में नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन के तहत ऐसा करती है। ऐसी परिस्थितियों में सभी पक्षों से संयम, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक मर्यादा की अपेक्षा स्वाभाविक है।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि स्थायी समाधान टकराव या अहंकार से नहीं, बल्कि संवाद, सहमति और पारस्परिक सम्मान से प्राप्त हुए हैं। विपक्ष का दायित्व सरकार से कठोर प्रश्न पूछना और जनहित के मुद्दों को उठाना है, जबकि सरकार का दायित्व आलोचना को लोकतांत्रिक भावना से स्वीकार करना और आवश्यक होने पर सुधारात्मक कदम उठाना है। यही स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है।

अतः जंतर-मंतर के इस आंदोलन को केवल किसी राजनीतिक दल की जीत अथवा सरकार की हार के रूप में देखना उचित नहीं होगा। यदि इससे किसी जनसमस्या के समाधान की दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है, तो वास्तविक विजय लोकतंत्र की है। इसके विपरीत यदि इस अवसर को राजनीतिक शक्ति-प्रदर्शन, आत्मप्रशंसा या ÷हमने सरकार को झुका दिया÷ जैसे नारों तक सीमित कर दिया जाए, तो इससे लोकतांत्रिक संस्कृति सुदृढ़ होने के बजाय कमजोर होने का खतरा रहता है।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी सफलता तब होती है जब सरकार संवेदनशील हो, विपक्ष उत्तरदायी हो और अंततः लाभ जनता को मिले। सरकार का संवाद करना उसकी पराजय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रमाण है; वहीं विपक्ष की वास्तविक सफलता समाधान का सहभागी बनने में है, न कि संवाद को केवल राजनीतिक विजय के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने में।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## झुग्गी, झोपड़ियों में रहकर..

झुग्गी, झोपड़ियों में रहकर,
भीषण गर्मी, बारिश और ठंड
सहकर,
अपना परिवार चलाते हैं।
मजबूरी है हमारी
हम बाल श्रमिक कहलाते हैं।।
जोड़ते निश दिन पाई पाई,
बीमार माता पिता की दवाई,
स्वयं आधी थाली भोजन कर,
छोटे भाई बहनों को खिलाते हैं।
मजबूरी है हमारी हम
बाल श्रमिक कहलाते हैं।।

बाल श्रमिक निषेध कानून
बनाया,
अब तो हमको कुछ
काम न मिल पाया,
शासन का मध्याह्न भोजन पाने ,
सरकारी स्कूल में पढ़ने जाते हैं
मजबूरी है हमारी हम
बाल श्रमिक कहलाते हैं।।

**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क' वारासिवनी, 9424979678**

## गुरु देव..

गहन अंधकार में
जलता हुआ ज्यों दीप,
ऐसे ही हैं गुरु के
वचन पावन, पुनीत।
ममतामयी हैं इनकी दृष्टि,
दर्शन से नयनों
को मिलती तृप्ति।।

सच्चे मार्गदर्शक हमारे,
गुरु तो स्वयं ईश्वर के दुलारे।
सीख इनकी हमेशा अनोखी,
माने तो बन जाएं सीप से मोती।।

पथ प्रशस्त यह करते हमारे,
मिटाते हैं जीवन के अंधियारे।
इनके बिना हम कुछ भी नहीं,
इन्हीं के यशगान
करें हम सारे।।

अच्छे कर्मों को करना सिखायें,
नेकदिल इंसान बनाएं।
नतमस्तक इनपे बारंबार,
इनके बिना सब निराधार।।

शीश नवाएं,वंदन गाएं,
गुरु के बारे में कह ना पाएं।
शब्दकोश के शब्द भी हमें,
इनके बखान में कम पड़ जाएं।।

महिमा गुरु की इतनी भारी,
गुण गाते हैं सुदर्शन चक्रधारी।
इनका आशीष हम यूं ही पाएं,
जीवन को सफल बनाएं।।

लेखिका



**श्रीमती ऋचा देशमुख**

## गुरु चरणों में नमन करें

आओ नमन करें गुरुवर को
गुरु चरणों में नमन करें।

जिनने ज्ञान का पाठ पढ़ाया
जीवन जीना हमें सिखाया
दीपक बनकर मार्ग हमारे
मंजिल तक हमको पहुंचाया।

सत्य, धर्म, और प्रेम की उनसे
मिली जो शिक्षा जतन करे।
आओ नमन करें गुरुवर को
गुरु चरणों में नमन करें।

देवों ने भी गुरु को पूजा।
कोई न होता गुरु सम दूजा।
गुरु शिष्य की महिमा न्यारी
बागवान गुरु, शिष्य फुलवारी।

गुरु चरणों की रज को माथे
तिलक स्वरूप में वरण करें।
आओ नमन करें गुरुवर को
गुरु चरणों में नमन करें।।

गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु
गुरुर देवो महेश्वरा।
नित्य मंत्र का जाप करें
शुरू रहे यह परम्परा।

गुरु गरिमा हो कभी न खंडित
ऐसा हम सब यतन करे।।
आओ नमन करें गुरुवर को
गुरु चरणों में नमन करें।।

**शशि तिवारी गोंदिया**


यदि आप दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करें..


## माता-पिता की शरण में अनंत वैकुण्ठ सुख समाया

माता-पिता की शरण में, अनंत वैकुण्ठ सुख समाया है,
उनके चरणों में ही जीवन का सच्चा उजियारा छाया है।
मंदिर-मस्जिद, तीर्थ सभी अपनी-अपनी राह दिखाते हैं,
पर माता-पिता के आशीष से ही भाग्य सितारे जगमगाते हैं।

लाख करो पूजा चाहे, तीर्थ करो तुम हजार,
माता-पिता का सम्मान बिना, सब कुछ होता बेकार।
उनकी सेवा सबसे ऊँची, यही धर्म का सार है,
उनकी मुस्कानों में ही छिपा ईश्वर का सच्चा द्वार है।

जिस घर में माता-पिता का आदर प्रतिदिन होता है,
वहीं प्रेम का दीपक जलकर जीवन सफल संजोता है।
उनकी वाणी अमृत बनकर हर संकट हर लेती है,
उनकी छाया हर मौसम में सुख की वर्षा देती है।

धन-दौलत, वैभव, यश
सब पल भर में मिट जाते हैं,
माता-पिता के पावन रिश्ते
जन्म-जन्म तक साथ निभाते हैं
उनके आशीर्वाद से ही हर
कठिन राह आसान होती है,
उनकी दुआओं से हर अधूरी
मंज़िल महान होती है।

जीवन का सबसे बड़ा तीर्थ
माता-पिता का सम्मान रहे,
हर पल उनके चरणों में
श्रद्धा का मधुर प्रणाम रहे।
किशन उनकी सेवा को
अपना सबसे पहला धर्म बनाता है
धरती पर रहकर भी वैकुण्ठ
सुख का आनंद पाता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## कैसी है..

सपने जीत के रखे मगर ये हार कैसी है
भाई - भाई से लड़ता है ये दरार कैसी है

हालात बिगड़े है ये मंजर भी भला कैसा
आपस में जरा सोचों ये तकरार कैसी है

मोहब्बत का चलन दिखता नहीं यारों
ये नफ़रत भला यहां बरकरार कैसी है

उतारू है मांगने को रिश्वत यहां अफसर
बहुत सोचता हूँ मैं वर्दी दागदार कैसी है

नहीं है अमनो चैन
यहां, जान पे बन आयी
जरा सोचों हथियारों की भरमार कैसी है

लेखक



**किशोर छिपेश्वर 'सागर', बालाघाट**

## 'क्यों भूल जाते हो'..

कभी मग़रिब की तरफ़,
कभी मशरिक़ की तरफ़जाते हो!
प्यार का रास्ता, क्यों भूल जाते हो?
भटकाव में नहीं है, ज़िन्दगी की ख़ुशबू!
एतबार उल्फ़त का, क्यों नहीं पाते हो?
बात करना चाहती,
अपने मन की तुझसे!
इश्क़ है दिल में, तो क्यों लजाते हो?
सियासत तो, उलझाती ही जा रही!
ख़ुदपरस्ती की ज़मीं पर,
क्यों अश्क़ बहाते हो?
ख़ुशबू गुलों की,
मगन कर गई मुझको!
नए-नए विचारों से,
ग़ुलिस्तां महकाते हो!
मोहब्बत ही ख़ुदा है, दुनियां में जानें!
नयनों ही नयनों में,
बात कर जाते हो!
एतमाद हो उल्फ़त पर,
साथ चलें राहों में!
'गंगेश्वरी' की ग़ज़लों को,
सदा गुनगुनाते हो!

लेखिका



**श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी' नैनपुर.**

## सरकार की बातें..


सुनते आ रहे हैं
सरकार की बातें
होती नहीं कभी
रोजगार की बातें।
लाठी, डंडे और
गोली ही मिलना है
उठाई जो तुमने
अधिकार की बातें।
हर शब्द अब तो
विज्ञापन बोलता है
पढ़कर देखो कभी
अख़बार की बातें।

लेखक



**संजय अश्क पुलपुट्टा, बालाघाट 9753633830**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 231



ck;s ls nk;s s& 1) फुल, पुष्प, रजोदर्शन 3) स्नान घर 7) मध्य 8) गिनती, हिसाब 11) एक वस्त्र या पहनावा 13) दबाव 14) बराबरी, तुल्यता, सादृश्य 15) भूमि 16) गरजमंद 17) खेत की फसल का हराभरा होना 19) विवाह से पहले वर और वधू का निश्चित किया हुआ संबंध 20) नाई की पत्नी 22) विविध, अनेक 23) सुंदर 25) उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक शहर जहां ताजमहल है 26) सामने, अग्रभाग, बाद में 27) पर्वत, पहाड़, सामान 29) माता का स्नेह 30) चन्द्रमा 31अ) आहार, खाना खाना 32) आतंक, डर 33) अभिलाषा, इच्छा 37) पैर 38) पंजाब का एक प्रसिद्ध शहर 39) शरारती, झगड़ा–बखेड़ा करनेवाला 40) राधेय, एक कुन्ती पुत्र 41) किसी राज्य का बड़ा शहर 44) बहते हुये पानी का ध्वनि 46) प्रवीण 47) खान, समूह, कोष 49) ध्वनि, आवाज 51) लादा जाना 53) अभिमान, घमंड 54) नवग्रहों में से एक 55) फुलवारी 57) पीछे मुड़ना 60) एक स्थान से दूसरे स्थान में रमनेवाला, संन्यासी 62) दिल्ली का एक दर्शनीय स्थल जहां पहले वेधशाला थी 65) दाम, मूल्य 66) पेड़ पर उल्टा लटकनेवाला एक सस्तन प्राणी 67) प्रणाम का एक शब्द 70) सारी जिम्मेदारी 72) जन्म देना 74) सीमा, सरहद 75) डग, पैर 76) दरवाजा 77) परिचित, मालूम 79) छोटा घड़ा 81) पति की बहन 83) रक्तवाहिनी, नाड़ी 86) विस्फोटक गोला 87) विष्णु 89) चकित, परेशान 90) एक मुगल बादशाह जिसने ताजमहल का निर्माण किया 91) फेर, परिवर्तन 93) प्रवीणता 95) बहुत गरम करके द्रवित करना, पिघलाना 96) एक सांस रोग 97) श्रीकृष्ण के निर्दयी मामा 99) अनुमति 100) समशेर, खड्ग 102) स्वीकार करना 104) दस का समूह 105) शपथ 106) सोने या चांदी का गोल लपेटा हुआ तार 107) कठोर, कड़ा 108) हवा का झोंका 109) राजा, सम्राट

Åij ls uhps s& 1) जमीन खोदने का एक औजार 2) यह प्रोग्राम कुछ वर्ष पूर्व डी. डी.–2 पर सुबह प्रसारित होता था 3) खो देना, खोना 4) वर्ष 5) सारे विश्व में प्रसिद्ध हमारी स्वर सम्राज्ञी 6) सुकुमारी 7) नीचे बिखरी हुयी चीजों को चुनना 8) आरंभ 9) पीटना 10) लाल रंग का 11) भीतरी, अंदर का 12) सप्ताह का एक वार 14) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल 16) लोक मत 18) किसी काम को ध्यान लगाकर करने की क्रिया, शादी 21) जलेबी जैसी एक मिठाई 24) घी या तेल में तले हुये व्यंजन 26) घायल 28) जो सतह से नीचे दूर तक चला गया हो, गाढ़ा 31) प्रकाशित, चमकीला 31अ) सीधासादा, मासूम 32) डर से कांपना, आतंकित होना 34) खातमा 35) सोना, सुवर्ण 36) दुष्मनी, शत्रुत्व 38) मनाई 39) जो चिकना न हो, जिसकी सतह रुखी हो 40) कड़वा 42) फुलों की माला 43) उष्ण, तप्त 45) माथा, मस्तक 46) उत्सव, त्योहार, पुण्यकाल 47) उत्सुक 48) क्रोध का शिकार या क्रोध पात्र 50) किसी प्रसिद्ध फकीर का मकबरा 51) लात मारने की क्रिया, झिड़की 52) नामांकित, प्रसिद्ध 53) स्त्रियोंद्वारा बालों में लगाने की फुलों की माला 54) एक फूल 55) अन्तिम, सबसे बढ़ा चढ़ा 56) नाशवान 58) 'लवण' का अशुद्ध उच्चारण 59) नृत्य करना 61) सहायता करनेवाला 62) शृंखला, कड़ी 63) भरत में बहनेवाली एक नदी, एक पूर्व अभिनेत्री 64) ओर 68) संगीत का एक राग 69) सहायता 71) जलन 73) मुलायम रोयें वाला एक महीन कपड़ा 75) व्याकरण में एक कारक 77) श्रीविष्णु का एक अवतार 78) स्वर्ग लोक का एक देवर्षि 80) पौधा लगाने का मिट्टी का पात्र 82) घृणा 83) धरती की सतह 84) फिरदौसी लिखित एक प्रसिद्ध ग्रंथ 85) बादशाह के लिये एक संबोधन 86) शरारती, दुष्ट 88) संगीत का एक राग 90) विद्यालय, स्कूल 91) संख्या, अंक, गिनती 92) ताकत 93) सामर्थ्य, क्षमता 94) पाचन 95) उष्णता, दाह 98) समान, बराबर 99) 'इन' का एकवचन 100) राजगद्दी, मंच 101) रहने की क्रिया, गंध 103) मादकता (जवाब अगले अंक में) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# एडीबी भारतीय शहरों में सतत विकास के लिए देगा एक अरब डॉलर का कर्ज




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत सरकार के शहरी सुधार एजेंडा को समर्थन देने तथा शहरों को आर्थिक वृद्धि, नवोन्मेष और बेहतर जीवन गुणवत्ता के केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से एक अरब डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।***

इसके साथ मनीला स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्थान ने भारत की प्रमुख रूफ्टॉप यानी छतों पर सौर प्रणाली लगाने की योजना के विस्तार के लिए 85 करोड़ डॉलर के कर्ज को भी मंजूरी दी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य घरों तक किफायती स्वच्छ ऊर्जा की पहुंच बढ़ाना और रूफ्टॉप सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग को गति देना है।

एडीबी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि शहरी बदलाव एवं निवेश कार्यक्रम भारत की प्रमुख शहरी चुनौती कोष (यूसीएफ) योजना और उससे जुड़े सुधारों के क्रियान्वयन में सहायता करेगा। इसका उद्देश्य शहरी संस्थानों को सशक्त बनाना, समेकित आर्थिक एवं स्थानिक नियोजन में सुधार करना तथा शहरी स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है।

एडीबी ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जलवायु-अनुकूल शहरी पुनर्विकास को बढ़ावा देगा। इसमें परिवहन-केंद्रित विकास और सार्वजनिक स्थलों का बेहतर प्रबंधन शामिल है।

इसके तहत नगर निकायों के लिए नगर निगम बॉन्ड तथा अन्य बाजार आधारित वित्त पोषण के माध्यम से पूंजी जुटाने और डिजिटल प्रणालियों के जरिये शहरी प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता तथा साक्ष्य-आधारित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा।

एडीबी के अनुसार, भारत का आर्थिक बदलाव तेजी से शहरीकरण से प्रेरित हो रहा है। देश में सृजित होने वाली नई नौकरियों में लगभग 70 प्रतिशत हिस्सेदारी शहरों की है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उनका योगदान करीब 63 प्रतिशत है, जो 2030 तक बढ़कर 75 प्रतिशत होने का अनुमान है।

हालांकि, कई शहर अब भी संस्थागत क्षमता, वित्तीय संसाधनों और बाजार आधारित वित्त पोषण तक सीमित पहुंच जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

रूफ्टॉप सौर ऊर्जा की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने के लिए 85 करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा पर एक अलग बयान में एडीबी ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत में बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा के विस्तार में मदद करेगा। साथ ही, इससे लाखों परिवारों के लिए स्वच्छ ऊर्जा अधिक किफायती और सुलभ हो सकेगी।

भारत में एडीबी की क्षेत्रीय निदेशक मियो ओका ने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को केंद्र में रखकर ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा देगा। इससे ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति संबंधी झटकों का असर कम होगा, बिजली वितरण प्रणाली मजबूत होगी, हरित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी घरेलू मूल्य श्रृंखला को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत कम से कम 6,000 लोगों को प्रशिक्षण और प्रमाणन दिया जाएगा, जिनमें कम-से-कम एक-तिहाई महिलाएं होंगी। इसके अलावा नए आदर्श सौर गांवों और नवोन्मेषी विकेंद्रीकृत सौर परियोजनाओं को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

एडीबी के अनुसार, यह कार्यक्रम विक्रेताओं की जवाबदेही बढ़ाने, विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने तथा सौर फोटोवोल्टिक पैनल और बैटरी अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान एवं पुनर्चक्रण को भी मजबूत करेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी की फेसबुक पोस्ट हटाने पर मेटा ने माफी मांगी, सरकार नाखुश..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 23 जुलाई की एक सोशल मीडिया पोस्ट को कुछ समय के लिए हटाने के मामले में मंगलवार को सरकार के सख्त रुख अपनाने के बाद वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा ने तकनीकी गलती मानते हुए माफी मांग ली।***

हालांकि, सरकार ने मेटा के स्पष्टीकरण को अपर्याप्त बताते हुए उसे मामले की विस्तृत जानकारी देने को कहा। इस संबंध में मेटा के वैश्विक लोक नीति प्रमुख को तलब किया गया था।

सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि मेटा ने प्रधानमंत्री मोदी की सोशल मीडिया पोस्ट हटाने के मामले में अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली है। हालांकि, सरकार कंपनी के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं है और उससे अधिक विस्तृत जानकारी मांगी है।

कृष्णन ने कहा, ÷यह अच्छी बात है कि उन्होंने माफी मांग ली है और अपनी गलती स्वीकार की। लेकिन हम उनके स्पष्टीकरण से खुश नहीं हैं। यह पर्याप्त नहीं है। हम इस पर और जानकारी चाहते हैं।÷

यह पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री मोदी की 23 जुलाई की एक पोस्ट फेसबुक पर कुछ समय के लिए प्रतिबंधित दिखी। इस पोस्ट में मोदी ने युवाओं से संवाद करते हुए परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों में कड़े कदम उठाने का आश्वासन दिया था।

सोशल मीडिया पर वायरल एक स्क्रीनशॉट में यह संदेश दिखा कि उक्त सामग्री 'कानूनी अनुरोध के कारण आपके क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है।' इससे पोस्ट को लेकर विवाद और बढ़ गया।

सरकारी सूत्रों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मेटा ने इस घटना के लिए अपने स्वचालित एआई आधारित कंटेंट फिल्टर में आई तकनीकी गड़बड़ी को जिम्मेदार ठहराया है। कंपनी ने बताया कि प्रधानमंत्री का पोस्ट गलती से हटा दिया गया था जिसे बाद में बहाल कर दिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने यह प्रस्ताव भी दिया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए बड़ी हस्तियों के खातों को विशेष सुरक्षा दायरे (रिंगफेंस) में रखा जाएगा।

हालांकि, सूत्रों का कहना है कि केवल 'तकनीकी गड़बड़ी' का हवाला देना पर्याप्त नहीं है और मामला अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सरकार का मानना है कि यदि मेटा की कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित प्रणाली में खामी है, तो उसे अपने तकनीकी ढांचे में तेजी से सुधार करना चाहिए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया मंचों को भारतीय कानूनों का सख्ती से पालन करना होगा।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह मामला सिर्फएक पोस्ट तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक रूप से सामग्रियों पर नजर और डिजिटल मंच की जवाबदेही से जुड़ा है। उन्होंने जोर दिया कि मेटा की वैश्विक टीमों को भारत सरकार की चिंताओं से अवगत कराया जाना चाहिए और स्थानीय टीमों को बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना होगा।

पिछले कुछ सप्ताह में मेटा कई नियामकीय मुद्दों को लेकर सरकार के रडार पर रही है। इससे पहले सरकार ने व्हाट्सऐप के प्रस्तावित यूजरनेम फीचर पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इससे ऑनलाइन धोखाधड़ी और पहचान की चोरी का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा, इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक सामग्री को लेकर भी कंपनी को नोटिस जारी किया गया था।

इस बीच, संसद की एक समिति ने भी सोशल मीडिया मंचों के नियमन पर चर्चा के लिए मेटा सहित प्रमुख कंपनियों और संबंधित मंत्रालयों के अधिकारियों को तीन अगस्त को तलब किया है। एआई युग में डिजिटल मंचों की भूमिका बढ़ने के साथ ही उनकी जवाबदेही, पारदर्शिता और उपयोगकर्ता अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता बन गया है।

साइबर कानून विशेषज्ञ पवन दुग्गल ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि सोशल मीडिया मंच भारतीय कानूनों को हल्के में नहीं ले सकते। उन्होंने कहा कि यदि कंपनियां बार-बार तकनीकी गड़बड़ी का हवाला देती हैं, तो उनकी कानूनी सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है।

# एक अगस्त से शुरू हो रहे भारत-चीन सीमा व्यापार में पहले चरण में भारत से 20 व्यापारी जाएंगे..



**पिथौरागढ़, (भाषा)।**

***लगभग छह वर्ष के लंबे अंतराल के बाद उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से एक अगस्त से फिर शुरू हो रहे एक भारत-चीन सीमा व्यापार के पहले चरण में तिब्बत स्थित चीनी प्रशासन ने केवल 20 भारतीय व्यापारियों को***

ही पुरांग (तकलाकोट) जाने की अनुमति दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, चीनी प्रशासन ने आवासीय सुविधाओं की कमी का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है और भारतीय पक्ष से पहले दल के लिए 20 व्यापारियों के नाम मांगे हैं। इस चरण में व्यापारी बिना किसी व्यापारिक सामान के सीमा पार जाएंगे और तकलाकोट में व्यापारिक व्यवस्थाओं तथा अपने पूर्व में रखे सामान का जायजा लेंगे।

धारचूला के उपजिलाधिकारी एवं व्यापार अधिकारी आशीष जोशी ने बताया कि पहले चरण के लिए सीमा व्यापार संगठन से 20 व्यापारियों का नाम देने को कहा गया है।

भारत-चीन सीमा व्यापार संघ ने निर्णय लिया है कि पहले दल में प्राथमिकता उन 20 व्यापारियों को दी जाएगी, जिनका माल 2019 में तकलाकोट के किराये के गोदामों में रह गया था। उस वर्ष कोविड-19 महामारी के कारण सीमा व्यापार अचानक बंद कर दिया गया था।

संघ के अध्यक्ष जीवन सिंह रोंगकली ने कहा, 'भारत से नया माल ले जाने से पहले हम तकलाकोट के गोदामों में रखे अपने उस पुराने और बिना बिके सामान का निरीक्षण करना चाहते हैं, जो 2019 में व्यापार अवधि समाप्त होने के कारण वहीं रह गया था।'

लिपुलेख दर्रे से भारत-चीन सीमा व्यापार वर्ष 1992 में पुनः शुरू किया गया था। इससे पहले 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद यह व्यापार पूरी तरह बंद हो गया था। यह व्यापार मुख्य रूप से पिथौरागढ़ जिले की व्यांस, दारमा और चौंदास घाटियों के सीमांत जनजातीय व्यापारियों द्वारा किया जाता है। 1962 से पहले पश्चिमी तिब्बत के साथ इन समुदायों का सदियों पुराना व्यापारिक संबंध था, जिसके बंद होने से उन्हें सबसे अधिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019 में बंद हुआ यह व्यापार सीमावर्ती क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके पुनः शुरू होने से स्थानीय व्यापारियों और सीमावर्ती जनजातीय समुदायों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि इस वर्ष सीमा व्यापार को पहले एक जून से शुरू किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन तिब्बती प्रशासन ने पुरांग व्यापारिक मंडी में आवास एवं दुकानों जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय मांगा था। आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद अब एक अगस्त से इस ऐतिहासिक सीमा व्यापार के पुनः आरंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# केंद्र सरकार ने चीनी डीलर पर 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा लगाई



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सरकार ने मंगलवार को निर्देश दिया कि चीनी का कोई भी डीलर 30 दिन से अधिक समय तक स्टॉक नहीं रखेगा। इसके साथ ही सरकार ने चीनी की कीमतों को नियंत्रण में रखने के अपने प्रयासों के तहत 4,000 क्विंटल की स्टॉक सीमा भी लगा दी है।***

यह आदेश एक अगस्त, 2026 से 30 नवंबर, 2026 तक लागू रहेगा। इससे पहले, चीनी के डीलर पर कोई मात्रात्मक प्रतिबंध नहीं था। हालांकि, मंत्रालय चीनी मिलों के लिए मासिक बिक्री कोटा तय करता है।

स्टॉक सीमा लगाने का निर्णय पिछले तीन महीनों में चीनी की एक्स-मिल कीमतें 39 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 45 रुपये प्रति किलोग्राम होने की पृष्ठभूमि में लिया गया है।

एक गजट अधिसूचना में, खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 और चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2025 के तहत शक्तियों का उपयोग करते हुए यह प्रतिबंध लगाया।

अधिसूचना में कहा गया, ''...केंद्र सरकार निर्देश देती है कि चीनी का कोई भी डीलर ऐसे स्टॉक की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन से अधिक की अवधि के लिए कोई स्टॉक नहीं रखेगा और देश भर में किसी भी समय और किसी भी स्थान पर 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी स्टॉक में नहीं रखेगा।''

मानसून की कमी के पूर्वानुमान के बीच कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र ने पहले ही चीनी निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

सरकार के फैसले पर, उद्योग निकाय इस्मा के महानिदेशक दीपक बल्लानी ने कहा, ''हम देश भर में एक स्थिर और अच्छी तरह से विनियमित चीनी आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करने पर सरकार के निरंतर ध्यान बिन्दु का स्वागत करते हैं।

अधिसूचना के अनुसार, यह आदेश सरकार के पास रखे गए चीनी स्टॉक, या राज्य सरकार द्वारा नामित डीलर या सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से वितरण के लिए स्टॉक रखने के लिए अधिकृत अधिकारी पर लागू नहीं होगा। मंत्रालय ने सभी डीलर से पोर्टल पर चीनी की स्टॉक स्थिति घोषित करने और नियमित रूप से अद्यतन करने को कहा है।

मई में, भारत ने तत्काल प्रभाव से इस साल 30 सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इस कदम का उद्देश्य घरेलू उपलब्धता बढ़ाना और कीमतों पर नियंत्रण रखना था। सरकार ने सितंबर में समाप्त होने वाले विपणन वर्ष 2025-26 के लिए लगभग 16 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी है।

एथनॉल के लिए उपलब्धता के बाद 2025-26 विपणन सत्र (अक्टूबर-सितंबर) के लिए भारत का चीनी उत्पादन 279 लाख टन होने का अनुमान है, जो 2024-25 में 261 लाख टन से अधिक है। 17 जुलाई को, चीनी उद्योग निकाय इस्मा और एनएफसीएसएफने जोर देकर कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक है और संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ थोक और खुदरा व्यापारियों को हालिया मूल्य वृद्धि के बीच ÷सट्टा खरीद÷ से परहेज करना चाहिए।

# मुंबई रेलवे विकास निगम की अधिकृत शेयर पूंजी बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये करने को मंजूरी..



**मुंबई, (भाषा)।**

महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को मुंबई रेलवे विकास निगम लि. (एमआरवीसी) की कार्यशील पूंजी को मजबूत करने के लिए उसकी अधिकृत शेयर पूंजी को 25 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये करने को मंजूरी दे दी। राज्य मंत्रिमंडल ने एमआरवीसी की चुकता शेयर पूंजी को भी 25 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 225 करोड़ रुपये करने की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही कंपनी में बढ़ी हुई चुकता पूंजी में महाराष्ट्र सरकार के हिस्से के रूप में 98 करोड़ रुपये के योगदान को भी मंजूरी दी गई है।

एमआरवीसी की स्थापना वर्ष 1999 में हुई थी। कंपनी में केंद्र सरकार के रेल मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार की हिस्सेदारी क्रमशः 51:49 अनुपात में है। यह सार्वजनिक उपक्रम मुंबई शहरी परिवहन परियोजना के तहत उपनगरीय रेलवे बुनियादी ढांचे के विकास, नेटवर्क क्षमता बढ़ाने, सुविधाओं के आधुनिकीकरण और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने से जुड़े कार्य करता है।

राज्य सरकार ने कहा कि एमआरवीसी को सौंपी जा रही परियोजनाओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए उसकी कार्यशील पूंजी को मजबूत करना जरूरी हो गया था। इसी उद्देश्य से अधिकृत शेयर पूंजी में वृद्धि का निर्णय लिया गया। एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने अवैध रूप से लघु खनिजों के उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई को सख्त करने के लिए महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता, 1966 की धारा 48(7) में संशोधन को मंजूरी दी।

संशोधित प्रावधानों के तहत लघु खनिजों (रेत, बजरी आदि) के अवैध खनन या परिवहन में शामिल लोगों पर देय रॉयल्टी की 10 गुना राशि के बराबर जुर्माना लगाया जाएगा। सरकार का मानना है कि बढ़ा हुआ जुर्माना अवैध खनन और परिवहन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने में मदद करेगा।

चूंकि राज्य विधानसभा का सत्र वर्तमान में नहीं चल रहा है, ऐसे में मंत्रिमंडल ने इन बदलावों को तत्काल लागू करने के लिए भूमि राजस्व संहिता में संशोधन संबंधी अध्यादेश जारी करने को मंजूरी दी है। इससे अवैध खनन पर नियंत्रण के साथ-साथ राजस्व में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, मंत्रिमंडल ने सरकार की महा एग्री-एआई नीति के अनुरूप कृत्रिम मेधा और कृषि प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र के लिए प्रबंध निदेशक पद के सृजन को भी मंजूरी दी।

सरकार ने पहले ही महा एग्री-एआई नीति को मंजूरी देते हुए इसके क्रियान्वयन के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस नीति के तहत राज्य स्तरीय कृत्रिम मेधा और कृषि प्रौद्योगिकी नवोन्मेष केंद्र की स्थापना की गई है, जिसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

# व्हाट्सऐप ने शुरू की वेब-आधारित कॉलिंग सुविधा, कॉल को स्थानांतरित भी कर सकेंगे



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***मेटा के स्वामित्व वाले त्वरित संदेश सेवा मंच व्हाट्सऐप ने मंगलवार को एक नई वेब-आधारित कॉलिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की।***

इसके जरिये उपयोगकर्ता किसी डेस्कटॉप एप्लिकेशन को डाउनलोड किए बगैर सीधे अपने ब्राउजर से ही ऑडियो एवं वीडियो कॉल कर सकेंगे। कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि यह सुविधा एक से दूसरे उपकरण पर जाने का अनुभव बेहतर बनाने के लिए लाए गए कई नए अपडेट का हिस्सा है। व्हाट्सऐप के वेब कॉलिंग फीचर में अब सामान्य और समूह कॉल दोनों का समर्थन मिलेगा। इसके साथ ही उपयोगकर्ता स्क्रीन साझा करने, प्रतिक्रिया देने और कॉल हिस्ट्री एवं पसंदीदा संपर्कों के लिए एक अलग कॉल टैब जैसी सुविधाओं का भी उपयोग कर सकेंगे।

कंपनी ने कहा, ÷चाहे आप साझा कंप्यूटर पर पढ़ाई कर रहे छात्र हों, ऐसे कार्यस्थल लैपटॉप का उपयोग कर रहे हों जहां ऐप डाउनलोड की अनुमति नहीं है, या सिर्फब्राउजर का उपयोग करना पसंद करते हों, अब आप बिना ब्राउजर छोड़े आसानी से कॉल कर सकते हैं।÷

व्हाट्सऐप ने इसके साथ 'कॉल स्थानांतरण' सुविधा भी पेश की है। इसकी मदद से उपयोगकर्ता एक मौजूदा समूह कॉल को एक उपकरण से दूसरे उपकरण पर कॉल को काटे बगैर सहज रूप से स्थानांतरित कर सकेंगे।

समूह कॉल की सुरक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए व्हाट्सऐप ने 'वेटिंग रूम' फीचर भी पेश किया है। इसमें प्रतिभागियों को एक आभासी प्रतीक्षा कक्ष में रखा जाएगा, जहां से मेजबान अनुमति मिलने पर कॉल में शामिल करेगा। इसके अलावा कॉल की गुणवत्ता सुधारने के लिए दो तकनीकी अपग्रेड भी किए गए हैं। 'क्विकएचडी' फीचर में कॉल शुरू होते ही उच्च गुणवत्ता वाला वीडियो प्रदान करता है। वहीं, 'नॉइज सप्रेशन' फीचर बैकग्राउंड शोर को कम कर ऑडियो को अधिक स्पष्ट बनाता है। व्हाट्सऐप ने कहा कि ये सभी नई सुविधाएं चरणबद्ध तरीके से उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाई जा रही हैं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सावन मास के 30 दिनों में 30 गांवों में होगा अखण्ड रामायण पाठ..

## दादा कोटेश्वर धाम में होगा संगीतमय शिव नाम जप एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण..





जगप्रेरणा लांजी।

*श्रावण मास के पावन अवसर पर लांजी एवं किरनापुर क्षेत्र के 30 गांवों में 29 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक एक माह का विशेष धार्मिक एवं सामाजिक अभियान संचालित किया जाएगा।*

इस दौरान प्रत्येक गांव में दो दिवसीय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के साथ भारतीय संस्कृति, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं युवा मार्गदर्शन पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार अभियान का उद्देश्य श्रीरामचरित मानस के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करना, भारतीय संस्कृति एवं पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा सेवा और संस्कार की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रातः 6 बजे योग, प्राणायाम एवं ध्यान से होगी। इसके बाद नगर संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी तथा गांव के मंदिर में पूजन-अर्चन एवं ध्वज स्थापना के साथ अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा, करियर, पारिवारिक संस्कार तथा पुलिस एवं सेना भर्ती संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। द्वितीय दिवस महिला मंडलों के सहयोग से गांव के 25 चयनित स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवा वितरण, मोतियाबिंद जांच एवं चयनित मरीजों के ऑपरेशन की व्यवस्था रहेगी। दुर्घटना में हाथ या पैर गंवा चुके दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु चयन प्रक्रिया भी आयोजित की जाएगी।

इसके उपरांत हवन-यज्ञ, गौपूजन एवं नौ कन्या पूजन संपन्न होगा तथा अंत में श्रद्धालुओं के लिए मानस प्रसादम (महाप्रसाद) का वितरण किया जाएगा।

इस अभियान के अंतर्गत 29-30 जुलाई को ग्राम देवरबेली से शुभारंभ होगा। इसके पश्चात क्रमशः कलपाथरी, धानोरीगांव, सुलसुली, चोटी, नेवरवाही, कोसमारा, पीपरलाज, टेमनी, मोहारा, बोरगांव, परसेरा, किन्ही, गुंडेसरा, बिनेरा, कोकना, कान्हीकला, सावरीकला, देवलगांव, कारंजा, साडरा, कुम्हारीकला, पालडोंगरी, बड़गांव, बहेला, सावरीसुंदर, मोहझरी, टेंडवा, निमोड़ी एवं दुलापुर सहित कुल 30 गांवों में क्रमवार आयोजन होंगे।

### श्रावण मास में दादा कोटेश्वर धाम लांजी में होगा संगीतमय शिव नाम जप एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण..

श्रावण मास के पावन अवसर पर दादा कोटेश्वर धाम, लांजी में 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक एक माह का विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिनह्न्ॐ नमः शिवाय' नाम जप संगीतमय संकीर्तन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन होगा। आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संगीतमय शिव नाम जप एवं संकीर्तन, दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण तथा शाम 4:00 बजे से रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न होगी।

श्रावण मास के इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना का लाभ लेने की अपील आयोजन समिति ने की गई है। यह संपूर्ण अभियान समस्त ग्रामवासियों एवं ग्राम समितियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन सेवा सहयोग प्रदान कर रहा है, अभियान के संयोजक अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने कहा कि । यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का सशक्त संदेश देने का माध्यम बनेगा। सभी धर्म प्रेमियों से उक्त आयोजन मे अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की गई है।

# आज गुरु पूर्णिमा: भारतीय संस्कृति में गुरु देवों भव की भावना से होगी पूजा अर्चना..

## मंदिरों में आस्था के साथ शुरू होगी सावन पूजा..





जगप्रेरणा लांजी।

*भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीक पवित्र पर्व गुरु पूर्णिमा को लेकर लांजी नगर व क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं।*

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 29 जुलाई, बुधवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। नगर व क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों, मठों और आश्रमों में इस अवसर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिसमें शिष्य अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

### गुरु पूर्णिमा की तिथि और शुभ मुहूर्त..

पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि मंगलवार, 28 जुलाई को शाम 6:18 बजे आरंभ हुई और बुधवार, 29 जुलाई को रात्रि 8:05 बजे समाप्त होगी। सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहने के कारण पर्व 29 जुलाई को ही मनाया जाएगा।

ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:17 से 4:59 बजे तक स्नान-दान के लिए विशेष शुभ माना गया है। अमृत काल 8:34 से 10:20 बजे तथा गोधूलि मुहूर्त शाम 7:14 से 7:35 बजे तक रहेगा। पूजा-अर्चना प्रातः 5:41 से 9:05 बजे तक तथा दिनभर पूर्णिमा तिथि के दौरान की जा सकती है।

### नगर में उत्साह का माहौल..

लांजी नगर व क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों, मठों और आश्रमों में गुरु पूर्णिमा के लिए तैयारियां की गई हैं। स्थानीय मंदिरों में गायत्री शक्तिपीठ और कोटेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर घोटी घुसमारा मंदिर में महर्षि वेदव्यास की पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस पर्व को व्यास पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्हें आदि गुरु माना जाता है। उन्होंने वेदों का विभाजन, महाभारत और अठारह पुराणों की रचना कर सनातन धर्म को अमूल्य धरोहर प्रदान की।

### विद्यालयों में विशेष आयोजन..

नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में भी गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। स्कूलों में शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छात्र अपने गुरुओं को उपहार, फूल, और कार्ड भेंट करेंगे। कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, और गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। शिक्षक इस अवसर पर छात्रों को जीवन में ज्ञान, नैतिकता, और अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संदेश देंगे। 'गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें यह सिखाता है कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। इस दिन बच्चे अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो इस परंपरा को और मजबूत करता है।'

### धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व..

गुरु पूर्णिमा का पर्व केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है। बौद्ध धर्म में इस दिन को भगवान बुद्ध के पहले उपदेश के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो उन्होंने सारनाथ में दिया था। जैन धर्म में भगवान महावीर और उनके शिष्य गौतम स्वामी के प्रति सम्मान प्रकट किया जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, और व्रत का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान और पूजा से साधक को आध्यात्मिक उन्नति और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

# तेज बहाव में बहा पंचायत सचिव का शव, सोन नदी के भैंसा नाला मुहान में मिला..

जगप्रेरणा किरनापुर।

*भारी बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। ग्राम पंचायत रानककोड़ी सचिव सीताराम घोरमारे ड्यूटी के दौरान घर लौट रहे थे।*



तभी ग्राम पीपलगांव और कोसमारा के बीच स्थित उफनते नाले को पार करने के प्रयास में अपनी मोटरसाइकिल सहित बह गए। घटना दिनांक 27/07/2026 समय दोपहर के 3:30 से 4:00 की बीच की बताई जा रही है। काफी खोजबीन के बाद उनका शव दूसरे दिन सोन नदी के भैंसा टोला (मुहान) के पास बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, पंचायत सचिव अपने ड्यूटी कार्य के दौरान अपने ग्रह ग्राम कोसमारा जा रहे थे। ग्राम पीपलगांव और कोसमारा के बीच रास्ते में पड़ने वाला नाला बारिश के कारण भारी उफान पर था पानी के तेज बहाव के बावजूद सचिव नाला पार करने की कोशिश की, लेकिन पानी का थपेड़ा इतना तेज था कि वे संतुलन खो बैठे और बाइक समेत बह गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और तलाश शुरू की। बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दूसरे दिन अंततः दुर्घटना स्थल से बहुत दूरी पर, सोन नदी के भैंसा टोला (मुहान) के पास उनका शव मिला।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना से ककोड़ी पंचायत और उनके गृह ग्राम सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि बारिश के मौसम में उफनते नदी-नालों को पार करने का जोखिम बिलकुल न उठाएं।

# दादा कोटेश्वर धाम में सावन पर्व के चले होगा पार्थिव शिवलिंग निर्माण व अभिषेक..

## राम नाम और ॐ नमः शिवाय से गूंजेगा परिसर..

## भक्ति की शक्ति और आस्था का होगा संगम..





जगप्रेरणा लांजी।

*भगवान भोलेनाथ की आराधना के पावन पर्व श्रावण मास के शुभ अवसर पर धर्म नगरी लांजी स्थित दादा कोटेश्वर धाम में 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक एक माह तक चलने वाले भव्य आध्यात्मिक एवं धार्मिक अनुष्ठानों का*

आयोजन किया जाएगा। पूरे श्रावण मास के दौरान धाम का वातावरण शिवभक्ति, वैदिक मंत्रोच्चार और राम-नाम संकीर्तन से भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक साधना, सेवा और सनातन संस्कृति से जोड़ना है।

आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन प्रातः 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक श्रद्धालु 'ॐ नमः शिवाय' महामंत्र का जप एवं श्रीराम राम-नाम संकीर्तन में सहभागी बनेंगे। इस दौरान संपूर्ण परिसर शिवमय वातावरण से ओत-प्रोत रहेगा तथा भक्तजन भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान शिव की आराधना करेंगे।

प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक श्रद्धालुओं के सहयोग से पार्थिव शिवलिंग निर्माण का पुण्य कार्य संपन्न होगा। सनातन परंपरा में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजन अत्यंत फलदायी माना गया है। इसके पश्चात प्रतिदिन शाम 4:00 बजे से महारुद्राभिषेक एवं भव्य महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। इच्छुक श्रद्धालु समिति, व्यक्तिगत अथवा पारिवारिक रूप से एक दिन की सेवा का संकल्प भी ले सकते हैं। वहीं महारुद्राभिषेक में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से पूजन सामग्री अपने साथ लाने का अनुरोध किया गया है।

समिति ने बताया कि श्रावण मास के दौरान दादा कोटेश्वर धाम में प्रतिदिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। यह आयोजन भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने, आत्मिक शांति एवं लोककल्याण की भावना को समर्पित रहेगा।

# पक्के टीन शेड का व्यापारियों द्वारा विरोध, व्यापारी संघ को सौंपा ज्ञापन



जगप्रेरणा लांजी।

*जनपद पंचायत कॉम्प्लेक्स, बालाघाट रोड स्थित दुकानों के किरायेदार एवं व्यापारियों ने अपनी आजीविका पर संकट की आशंका जताते हुए दुकानों के सामने प्रस्तावित*

पक्के टीन शेड निर्माण का विरोध किया है। व्यापारियों ने इस संबंध में व्यापारी संघ लांजी के अध्यक्ष को आवेदन सौंपकर विधायक निधि से प्रस्तावित निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की है।

आवेदन में व्यापारियों ने बताया कि वे वर्षों से जनपद पंचायत द्वारा निर्मित कॉम्प्लेक्स की दुकानों में व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्हें जानकारी मिली है कि दुकानों के सामने स्थित मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थल के समीप लगभग 40-50 फीट क्षेत्र में विधायक निधि से पक्का टीन शेड बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 18 जुलाई 2026 को स्थल का सीमांकन एवं नाप-जोख भी की जा चुकी है तथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

व्यापारियों का कहना है कि यदि दुकानों के ठीक सामने स्थायी शेड का निर्माण हो जाता है तो उनकी दुकानें पूरी तरह ओझल हो जाएंगी। इससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होगी और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उनका कहना है कि पहले से ही बाजार की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में यदि दुकानें शेड के पीछे छिप जाएंगी तो उनके सामने आर्थिक संकट गहरा सकता है।

आवेदन में व्यापारी संघ से आग्रह किया गया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की पहल करे, ताकि व्यापारियों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

# 29 एवं 30 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना

## किसानों और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह..



जगप्रेरणा किरनापुर।

*भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पाँच दिवसीय मध्यम श्रेणी के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले*

में आगामी दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव-बालाघाट ने मौसम को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है। कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 29 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी बादलों के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं 30 जुलाई को बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह के समय हवा में 98 से 100 प्रतिशत तथा दोपहर में 80 से 87 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है। सामान्य दिनों में हवा की गति 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा तथा दिशा दक्षिण रहने का अनुमान है।

जिला कृषि मौसम इकाई ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को ध्यान में रखते हुए खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखें तथा आकाशीय बिजली और तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों एवं पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। आम नागरिकों से भी अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने, मौसम विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।



मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# मंडला में पत्रकारों का दो दिवसीय धरना शुरू, बोले- बाघ संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं..

## विश्व बाघ दिवस पर कलेक्ट्रेट मार्ग में प्रदर्शन; कान्हा प्रबंधन पर बाघों की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही के आरोप



जगप्रेरणा मंडला।

***विश्व बाघ दिवस के अवसर पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट मार्ग पर जिले के पत्रकारों ने दो दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया। 28 और 29 जुलाई तक चलने वाले इस धरने के माध्यम से पत्रकारों ने कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन पर बाघ संरक्षण को लेकर गंभीर लापरवाही***

बरतने का आरोप लगाया और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। धरने पर बैठे पत्रकारों का कहना है कि एक ओर कान्हा प्रबंधन विश्व बाघ दिवस के नाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बाघों की लगातार हो रही मौतों को रोकने में विफल रहा है।

उनका आरोप है कि पिछले कुछ महीनों में जितनी बाघों की मौतें हुई हैं, उतनी बीते कई वर्षों में भी नहीं हुई थीं। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि कई बाघ केनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीवी) के संक्रमण से पीड़ित रहे, लेकिन समय रहते उपचार और बचाव के प्रभावी प्रयास नहीं किए गए। उनका कहना है कि लगातार हो रही मौतों के बाद प्रबंधन ने संक्रमण की पुष्टि तो की, लेकिन भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस और पारदर्शी व्यवस्था नहीं बनाई गई।

धरना दे रहे पत्रकारों ने कहा कि कभी देश-दुनिया में बाघों की सुरक्षित शरणस्थली के रूप में पहचान रखने वाला कान्हा आज बाघों की मौतों को लेकर सुर्खियों में है। इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय में भी याचिका विचाराधीन है, जिससे इसकी गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पत्रकारों का कहना है कि उनकी सबसे बड़ी ताकत उनकी कलम है, लेकिन जब तथ्यों को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जाती है और सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती, तब लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए धरने का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी बाघों की लगातार मौतों के विरोध में 9 दिनों तक धरना दिया गया था और कई मांगें रखी गई थीं, जिन पर अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

धरने में शामिल पत्रकारों ने कहा कि बाघ केवल कान्हा की पहचान ही नहीं हैं, बल्कि जंगलों के पारिस्थितिक संतुलन का महत्वपूर्ण आधार भी हैं। इसलिए बाघों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार एजेंसियों को जवाबदेही के साथ प्रभावी संरक्षण उपाय लागू करने चाहिए।

# पारिवारिक विवाद का दुखद दृश्य : देवर-भाभी के विवाद में देवर की मौत, हत्या के आरोप में भाभी गिरफ्तार



जगप्रेरणा नैनपुर (मंडला)।

***नैनपुर विकासखंड के ग्राम रमपुरी में पारिवारिक विवाद ने मंगलवार को दुखद मोड़ ले लिया। देवर-भाभी के बीच हुए विवाद में देवर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतक की भाभी को गिरफ्तार कर हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।***

## नैनपुर के रमपुरी गांव की घटना.. लंबे समय से चल रहा था पारिवारिक विवाद, पुलिस जांच में जुटी

घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान राम सिंह वयाम (पिता मदन लाल वयाम) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी कृष्णा बाई मरावी (पति माखन सिंह मरावी) हैं। दोनों रिश्ते में देवर-भाभी थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार में लंबे समय से आपसी विवाद और कहासुनी की स्थिति बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते-देखते हिंसक हो गया। विवाद के दौरान राम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल नैनपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी महिला के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्राम रमपुरी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर ग्रामीणों का हाईवे जाम, 3 घंटे ठप रहा एनएच-543

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद खुला चक्काजाम, लंबी कतारों में फंसे वाहन



जगप्रेरणा मंडला।

***क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मंगलवार को ग्राम पंचायत पौड़ी के बकोरी तिराहा में ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे-543 (मंडला-डिंडोरी मार्ग) पर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन लगभग***

तीन घंटे तक चला, जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शन में पूर्व राज्यमंत्री देवेंद्र तेकाम सहित पौड़ी, सिंगारपुर, झालपानी एवं आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली, शिक्षा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पौड़ी क्षेत्र में रात्रिकालीन विद्युत व्यवस्था सुधारने, बालक माध्यमिक विद्यालय भवन निर्माण, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाउंड्री वॉल एवं छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण तथा नलकूपों की मरम्मत सहित विभिन्न मांगें रखीं।

सूचना मिलने पर पुलिस बल, पीएचई विभाग, जनजातीय कार्य विभाग और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब तीन घंटे बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।

# मोतियाबिंद से जूझ रहे 10 वर्षीय दीपांशु यादव को मिली नई रोशनी..

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क उपचार से लौटी मुस्कान..



जगप्रेरणा मंडला।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी. जे. मोहंती ने बताया कि 10 वर्षीय दीपांशु यादव, निवासी ग्राम खापा रैयत, तहसील नैनपुर, जिला मंडला, जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ित था। दृष्टि संबंधी समस्या के कारण उसे देखने और पढ़ाई करने में काफी कठिनाई होती थी, जिससे उसके स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसका महंगा उपचार कराना संभव नहीं था।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंडला की टीम ने समय पर बच्चे की पहचान कर उसे दादा वीरेंद्रपुरी आई इंस्टीट्यूट, जबलपुर रेफर किया। आरबीएसके के माध्यम से बच्चे की सभी आवश्यक जांचें एवं उपचार पूरी तरह निःशुल्क कराए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा दीपांशु के जन्मजात मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। सर्जरी के बाद उसकी दृष्टि में लगातार सुधार हुआ। अब वह सामान्य रूप से देख पा रहा है, पढ़ाई कर रहा है तथा उसकी दैनिक गतिविधियां भी पहले की तुलना में बेहतर हो गई हैं। वह तेजी से पूर्णतः स्वस्थ होने की ओर अग्रसर है। दीपांशु के माता-पिता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय मंडला तथा आरबीएसके टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजना के कारण उनके बच्चे को समय पर बेहतर उपचार मिल सका।

# रोजगार युवा संगम मेले में 29 युवाओं का चयन, 4 को मिला अप्रेंटिसशिप का अवसर






जगप्रेरणा मंडला।

***जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई मंडला एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नगर पालिका के टाउनहॉल में रोजगार युवा संगम मेले***

का आयोजन किया गया। मेले में निजी क्षेत्र की छह प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने युवाओं को रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रोजगार मेले में कुल 64 युवाओं ने पंजीयन कराया। विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए साक्षात्कार के बाद 29 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि 4 युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अवसर मिला। इस दौरान आईटीआई मंडला द्वारा प्रतिभागियों को कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं रोजगार संबंधी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी वैशाली कामड़े ने किया।

मेले में आईटीआई की प्राचार्य सुश्री मनीषा भूरिया, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की प्रबंधक सुश्री शैफाली अग्रवाल, आईटीआई प्लेसमेंट ऑफिसर आनंद मरावी, जिला रोजगार कार्यालय के डी.के. साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# घुघरी ज.पं. के भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष बने आनंद चौकसे..

भुआबिछिया/घुघरी।

भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और पिछड़ा वर्ग समाज में संगठन की सक्रियता बढ़ाने के उद्देश्य से आनंद चौकसे को जनपद पंचायत घुघरी का भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद चौकसे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग समाज के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीत कुमार चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश साहू सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बम्हनी में 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आपकी अपनी पार्टी का धरना 5 वे दिन भी जारी

## सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई और बस स्टैंड सहित मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग, कार्रवाई नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान




जगप्रेरणा बम्हनी (मंडला)।

***नगर की विभिन्न जनसमस्याओं और मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग को लेकर आपकी अपनी पार्टी (पीपल्स) का गांधी चौक में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। 23 जुलाई से शुरू***

हुए इस आंदोलन में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार धरने पर बैठे हैं तथा प्रशासन से 17 सूत्रीय मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई और यातायात व्यवस्था सहित कई आवश्यक सेवाओं में लंबे समय से अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं।

इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को 17 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने के कारण आंदोलन जारी है। मांग पत्र में संजय चौक से खेरमाई चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं डिवाइडर निर्माण, वार्ड क्रमांक-6 के मार्ग का चौड़ीकरण, बस स्टैंड की व्यवस्थाओं में सुधार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार, अवैध शराब बिक्री पर रोक, कचरा शुल्क में कमी, नियमित साफ-सफाई, टिकरी टोला की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान, सुलभ शौचालयों की व्यवस्था, आवारा पशुओं से मुक्ति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

धरना स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश हरदहा, प्रदेश महासचिव राकेश हरदहा, प्रदेश संगठन सचिव अनिल तिवारी, प्रदेश सचिव शिव हरदहा, प्रदेश सचिव सुधीर श्रीवास तथा मंडला जिला अध्यक्ष हरि चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक प्रशासन 17 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक एवं ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक गांधी चौक में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।

# संत रविदास जयंती पर चलेगा 'समृद्ध संकल्प अभियान', भाजपा की जिला स्तरीय बैठक संपन्न..






जगप्रेरणा मंडला।

***भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी ÷श्री गुरु रविदास महाराज समृद्ध संकल्प अभियान÷ को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित***

की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने की। बैठक में अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह अभियान 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक देशभर में संचालित होगा। अभियान के माध्यम से संत रविदास महाराज के समता, सेवा, सामाजिक न्याय, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**प्रफुल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से अभियान को प्रत्येक बूथ, वार्ड और समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण कर आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के संबंध में समीक्षा बैठक भी आयोजित हुई। अंत में दिवंगत पार्टी कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# विश्व हिंदू परिषद गोंदिया जिला का दो दिवसीय अभ्यासवर्ग सफलता पूर्वक संपन्न

**जगप्रेरणा आमगांव।**

*विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल मातृशक्ती - दुर्गावाहिनी गोंदिया जिला द्वारा कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं संगठनात्मक विकास के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला अभ्यासवर्ग का*





आयोजन 25 एवं 26 जुलाई 2026 को साई मंगलम लॉन, सालेकसा रोड, आमगांव में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। अभ्यासवर्ग में जिले के केंद्रीय अधिकारी, प्रांत अधिकारी, विभाग अधिकारी, जिला समिति एवं सभी प्रखंड समितियों के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने पूर्ण समय उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

अभ्यासवर्ग का शुभारंभ भारत माता एवं मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभू श्रीराम के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों ने विश्व हिंदू परिषद के सेवा, सुरक्षा एवं संस्कार के मूल उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में संगठन की भूमिका, कार्यकर्ता निर्माण, संगठन विस्तार, सेवा गतिविधियों, सामाजिक समरसता तथा हिंदू समाज के संगठन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न बौद्धिक एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समयबद्ध कार्ययोजना, समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुँच बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जिले में संगठन विस्तार एवं सेवा कार्यों को गति देने के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अभ्यासवर्ग के दौरान सभी प्रतिभागियों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए समाजहित एवं राष्ट्रहित में अधिक सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ।

इस अवसर पर जिले एवं प्रखंड के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाओं में सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा, जिसके कारण अभ्यास वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## यह रहे उपस्थित..

प्रान्त संगठन मंत्री विष्णु जी देशमुख, प्रान्त सह मंत्री देवेश जी मिश्रा, विभाग सयोजक रमन जी सिंघल, प्रांत सयोजक नवीन जी जैन, जिला गौरक्षा प्रमुख बालाराम जी व्यास, जिला मंत्री मुकेश उपराडे, जिला सह मंत्री सुनील कोहडे, हरीश अग्रवाल जिला सयोजक हार्दिक जीवानी और सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारत स्माईल दांत के अत्याधुनिक दवाखाने का भव्य शुभारंभ हुआ आमगांव में..

### आमगांव एवं गोंदिया के प्रसिध्द चिकित्सको एवं गणमान्य नागरीको ने उपस्थिती दर्शाई..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

*विदर्भ के प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ. अक्षत अग्रवाल द्वारा भारत स्माईल का अपना दुसरा दवाखाना गोंदिया* के बाद आमगांव में आधुनिक यंत्री एवं साज सज्जा के साथ शुभारंभ कर दिया गया है। इस अवसर पर आमगांव के विभिन्न क्षेत्रो के प्रतिष्ठित नागरीक एवं गोंदिया एवं आमगांव के प्रख्यात चिकित्सको ने उपस्थित रहकर अपनी शुभकामनाऐं व्यक्त की एवं दवाखाना में स्थापित किए गए आधुनिक यंत्रो की सराहना की। अतिथीगण ने महसुस किया कि इस क्षेत्र के सबसे बड़े दांत के दवाखाने के रुप में यह दवाखाना लांजी, आमगांव, साखरीटोला, सालेकसा, देवरी क्षेत्र की जनता को उपलब्ध रहेगा, आमगांव से पूर्व विधायक केशवराव मानकर, पवन मोदी, राकेश मोदी, श्री सुरेशबाबु असाटी, विजय शिवणकर, घनश्याम अग्रवाल, सुरेंद्र नायडू, पवन शर्मा, रितेश अग्रवाल, आशीष माहेश्वरी, गणेश भदाड़े, राजेश गोयल, डॉ. ललित कंलत्री, डॉ. वाळ्के, डॉ. साजीद खान, डॉ. टी. डी. कटरे, आनंद शर्मा, सचिन अग्रवाल, प्रो. पाऊलझगडे, भोला गुप्ता, बंटी अग्रवाल, अजय खेतान, पुरुषोत्तम असाटी, उत्तम नंदेश्वर आदि गणमान्य नागरीक उपस्थीत थे।

इसके अलावा गोंदिया से डॉ. विकास जैन, डॉ. सी. एस. राना, डॉ. संजय भगत, डॉ. पियुष जायसवाल, डॉ. निलेश जैन, डॉ. विवेक जैन, महेश गोयल, डॉ. संजय ज्ञानचंदानी, डॉ. दुर्गाप्रसाद पटले, डॉ. कोतवाल, डॉ. रोशन कानतोडे, डॉ. महेश भोयर, डॉ. ओ. पी. गुप्ता, डॉ. उमेश शर्मा के अलावा सालेकसा के दौलतराम अग्रवाल, गोंदिया के आर.टी.आई. विशेषज्ञ विजय अग्रवाल, चर्चित जैन, पुलकित अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, आर्किटेक्ट रोहित केशवानी आदि उपस्थीत थे ।

क्लीनीक की विस्तृत जानकारी डॉ. अक्षत अग्रवाल एवं उनकी टीम डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, डॉ. भाग्यश्री चौहान, डॉ. वैशाली पवार, डॉ. आशिष घामस्कर एवं टिकेस मेश्राम ने आगतको को प्रदान की। शुरु मे 50 इलाज करवाने वालो को फ्री चेकअप और फ्री एक्सरे किया जाऐगा। बाद में आने वाले पेशेंट का इलाज शुरु करने में 10 मिनट से ज्यादा देरी होने पर फ्री चेकअप एवं फ्री एक्सरे किया जाऐगा। यह घोषणा भारत स्माईल के निदेशक डॉक्टर अक्षत अग्रवाल ने की है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# देवरी में स्वर्गीय जननेता अजित दादा पवार की जयंती के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए भव्य सम्मान समारोह



**जगप्रेरणा देवरी।**

मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी **(NCP)** द्वारा देवरी में श्री सी.के. बिसेन के कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 'जनसेवा सप्ताह' के हिस्से के रूप में और स्वर्गीय जननेता अजितदादा पवार की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित यह कार्यक्रम सांसद श्री प्रफुल पटेल और सांसद श्री राजेंद्र जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रमेश तारम (विधानसभा अध्यक्ष और निदेशक, आदिवासी विकास निगम, नासिक) ने की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख हस्तियों में श्री सी.के. बिसेन (तालुका अध्यक्ष, **NCP** देवरी), श्री भैयालालजी चंडेवार (वरिष्ठ नेता), श्री दिलीप दुरुगकर (उपाध्यक्ष, देवरी तालुका), श्री नेमीचंदजी अंबिलकर, श्री सुजीत अग्रवाल (युवा विंग अध्यक्ष), श्री पंकजजी सहारे (पार्षद, देवरी नगर पंचायत), श्री रंजनजी मेश्राम, श्री रविभाऊ बडवाइक, श्रीमती पर्वताबाई चंडेवार (तालुका अध्यक्ष), श्रीमती सुमंताई बिसेन (पूर्व परिषद अध्यक्ष), श्रीमती शर्मिलाताई टेम्भुरनिकर (शहर अध्यक्ष, महिला विंग), श्रीमती कमलाबाई मस्के, श्रीमती प्रभाबाई चौधरी और श्री रवींद्र मेश्राम (शहर अध्यक्ष, सामाजिक न्याय विभाग) शामिल थे।

समारोह के दौरान, विशिष्ट व्यक्तियों–श्री संतोषजी तिवारी, श्री संपतजी अग्रवाल, श्री दुलीचंदबाबा मानकर, श्री मोहम्मद सफी गुलाब नबी शेख, श्री दयारामजी लांजेवार, श्रीमती रुखमाबाई चरणदासजी रामटेके और श्रीमती तजिंदर कौर प्रीतमसिंहजी भाटिया–को शॉल, नारियल और पार्टी के स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में **NCP** पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# जनसेवा सप्ताह में सालेकसा के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान..

### राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले 7 खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, पुष्पगुच्छ एवं उपहार देकर किया गया सम्मानित..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

*25 जुलाई 2026 महाराष्ट्र के लोकप्रिय लोकनेता एवं उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर आयोजित 'जनसेवा सप्ताह' के अंतर्गत शनिवार को सालेकसा हाईस्कूल, सालेकसा में*

विभिन्न खेलों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं सांसद श्री प्रफुल्लभाई पटेल तथा सांसद श्री राजेंद्रजी जैन के मार्गदर्शन में, राज्य महासचिव ओबीसी आघाड़ी श्री प्रभाकर दोनोडे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सालेकसा तालुका अध्यक्ष डॉ. अजय उमाटे तथा जिला महासचिव डॉ. हिरालालजी साठवने के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र, उपहार एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में प्रणय उत्तम चर्जे (100 मीटर दौड़, राज्य स्तर), नितिल द्वारकाप्रसाद लिल्हारे (खो-खो, राज्य स्तर), कु. प्रणवी राजेशकुमार प्रधान (ताइक्वांडो, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर), वैष्णवी संतोष गिरेपुंजे (खो-खो एवं दौड़, राज्य स्तर एवं फेडरेशन), वंशिका लखन सोनवाने (खो-खो, राज्य स्तर), रेहानअली जमीर अली सैयद (खो-खो, राज्य स्तर) तथा विद्या येशुलाल नागपुरे (ताइक्वांडो, राष्ट्रीय स्तर) का समावेश रहा।

कार्यक्रम में सालेकसा हाईस्कूल के मुख्याध्यापक आर. बी. वैद्य, प्रा. ए. के. शरणागत, प्रा. जे. पी. मडावी, प्रा. एम. एच. चौधरी, प्रा. जी. बी. पटले, प्रा. पी. एन. हनवते, प्रा. एन. सी. मच्छिरके, प्रा. आर. जे. बिसेन, टी. जी. भागवत, डी. एस. सूर्यवंशी, एस. जे. पटले तथा ए. एस. टेकाम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आयोजन में तालुका क्रीड़ा संयोजक प्रा. राकेश रोकडे तथा क्रीड़ा शिक्षक गोल्डी भाटिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शहर अध्यक्ष सालेकसा ब्रजभूषण बैस, तालुका युवक अध्यक्ष बाजीराव तरोने, तालुका युवती अध्यक्ष श्रीमती सुषमा राउत, महिला आघाड़ी सदस्य श्रीमती ममता बघेले, श्रीमती सीमा बैस, कु. प्रियंका ब्राह्मणकर तथा रिषी बैस ने अथक प्रयास किए।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### परमपुज्य परमात्मा एक सेवक चर्चा बैठक स्थल मे हुई चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के दवनीवाडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 26/7/2026 के 6 बजे के दरम्यान अर्जुनी मे अज्ञात चोर ने परमपुज्य परमात्मा एक सेवक बैठक स्थल मे प्रवेश कर दानपेटी से 15 हजार रुपये चुराकर ले जाने से फर्यादी अजित भैय्यालाल ठाकरे उम्र 50 वर्ष निवासी अर्जुनी की शिकायत पर पोस्टे दवनीवाडा मे अपराध क्रमांक 378/2026 धारा 305, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोना टेंभेकर पोस्टे दवनीवाडा कर रहे है।

### दुसरे के प्लाट पर कपाऊंड वॉल बनाकर किया कब्जा मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत प्लाटपर कब्जा करने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/7/2026 से 24/7/2026 के दरम्यान आंबाटोली फुलचुर मे महीला फर्यादी उम्र 44 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड के प्लाट पर आरोपियोने प्लाट पर कब्जा किया और उसपर वॉल कंपाऊंड बनाकर उसपर अपना नाम लिख दिया। फर्यादी के प्लाट पर कब्जा करने से दिये शिकायत पर आरोपियो के खिलाफ पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 431/2026 धारा 329,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा कोरे पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### धान खरेदी केन्द्र से धान के 10 कट्टे चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/7/2026 के 3 बजे के दरम्यान बिजेपार मे फर्यादी बबलु शामलाल कटरे उम्र 54 वर्ष निवासी आमगाव का धान खरेदी केन्द्र होकर उसमे धान के कटटे रखे हुवे थे। फर्यादी को जानकारी मिली की आरोपी ने धान केन्द्र से कट्टे चोरी किया है, जब आरोपी के पास जाकर धान देखा तो वह धान सोसायटी का होने की जानकारी सामने आयी उसने आरोपी से पुछा तो आरोपीने गालीगलौच की और मारने की धमकी दी फर्यादी ने सोसायटी मे आकर बोरे की गिनती की तो कुल 10 बोरे किमत 9476 का माल चोरी होने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 364/2026 धारा 303, 2, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बिसेन पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# इशिता के स्कूली सफर को मिला व्हीलचेयर का संबल..

### देवरी पंचायत समिति की सराहनीय पहल.



**जगप्रेरणा देवरी।**

समावेशी शिक्षा विभाग, ब्लॉक संसाधन केंद्र **(BRC)**, पंचायत समिति देवरी के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा में मजबूती से शामिल करने और उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी पहल के अंतर्गत, जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय, पिंडकेपार (चि.) में कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली कु. इशिता नरेश मिरी (दिव्यांग श्रेणी) को स्कूल में नियमित रूप से आने-जाने के लिए व्हीलचेयर का वितरण किया गया। दिव्यांग विद्यार्थियों को शिक्षा का समान अधिकार मिले, उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए और उनका आत्मविश्वास बढ़े, इस उद्देश्य से सरकार द्वारा समावेशी शिक्षा के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी के एक हिस्से के रूप में इशिता मिरी को यह व्हीलचेयर प्रदान की गई। इससे उसके दैनिक स्कूली जीवन में काफी सुविधा होगी और कक्षा में नियमित उपस्थिति तथा शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने में बहुत मदद मिलेगी। व्हीलचेयर वितरण कार्यक्रम के दौरान छात्रा के अभिभावक नरेश मिरी, ग्रामीण अंजोरी भंवर, विशेष शिक्षक प्रमोद सिंगनजुले, प्रधानाध्यापिका के. पी. भांडारकर, स्नातक शिक्षक चेतन उईके, सहायक शिक्षक विनोद चौधरी, योगराज सलामे, रंजित धमगाये, शैलेश निघोट तथा आंगनबाड़ी सेविका सुरेखाताई सोनवणे उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विशेष शिक्षक ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे समावेशी शिक्षा उपक्रमों की जानकारी दी और बताया कि ऐसी सुविधाएं जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। अभिभावकों ने भी सरकार के इस संवेदनशील और जनहितकारी निर्णय पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी योजनाओं से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा अधिक सुलभ हो रही है।

समावेशी शिक्षा को मजबूती देने वाला और दिव्यांग विद्यार्थी के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला यह कदम निश्चित रूप से प्रेरणादायक है, तथा सरकार के इस जनकल्याणकारी उपक्रम का शिक्षकों, अभिभावकों और नागरिकों द्वारा सर्वत्र स्वागत व सराहना की जा रही है।

# तिरखेडी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व महोत्सव का होगा भव्य आयोजन..

### श्रद्धालुओं को किया गया आमंत्रित..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

*गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तिरखेडी आश्रम, ता. सालेकसा, जिला गोंदिया में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा पर्व महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।*

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर गुरु पूजन एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का लाभ लेने की अपील की है। गुरु पूर्णिमा 2026 का पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। 28 जुलाई 2026 (मंगलवार) को सुबह 9:30 बजे ज्योति प्रज्वलन, भजन-कीर्तन तथा शाम 6:00 से 7:30 बजे तक गुरुभक्ति साधना पर सत्संग आयोजित होगा। वहीं 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को सुबह 7:00 बजे परम पूज्य गुरुदेव की चरणपादुका पूजन एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा पादुकाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन रहेगा। आयोजन समिति ने बताया कि आश्रम परिसर में मंदिर जीर्णोद्धार का लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। श्रद्धालुओं से मंदिर का अवलोकन करने तथा गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होकर गुरु कृपा प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। इस धार्मिक आयोजन में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से साधक एवं श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना है। आयोजन का दायित्व समस्त ग्राम समिति एवं महायोगी सेवा संस्थान, तिरखेडी द्वारा संभाला जा रहा है।

### शराब के नशे मे बेहोश मिले व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 27/7/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान कृषी उत्पन्न बाजार समिति आमगाव मे गजानन उर्फ कमांडो लक्ष्मण ब्राम्हणकर उम्र 53 वर्ष निवासी बनगाव को शराब पिने की आदत थी। घटना के समय वह शराब के नशे मे बेहोश हालत मे मिला उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल आमगाव ले गये। जहा डाक्टर ने जॉच कर मृत घोषीत करने से फर्यादी की शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 35/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा उईके पोस्टे आमगांव कर रहे है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो
के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



सालेकसा पुलिस स्टेशन सालेकसा के पुलिस निरीक्षक रवि नागोसे ने मोक्षधाम परिषर को दी सदीक्षा भेट। एवं परिसर के कार्य से संतुष्ट होकर वृक्षारोपण भी किया एवं हो रहे विकास कार्य कि सरहाना भी की। छायाचित्र- प्रा राकेश रोकडे।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) · इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) · (IUI) आय.यू.आय. · अधिक उम्र में मातृत्व · ओव्हम डोनेशन द्वारा · बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार · शुक्राणु बैंक सुविधा · सोनोग्राफी · हार्मोंस की जांच · हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज · दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 बुधवार 29 जुलाई 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### न.प. के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों के हस्ते

## नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे के कार्यालय का आज होगा नगर परिषद भवन में उद्घाटन..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***नगर परिषद गोंदिया के अध्यक्ष सचिन गोविंदभाऊ शेडे के नवीन कार्यालय का उद्घाटन समारोह गुरुपुर्णिमा पर्व पर आज 29 जुलाई दिन बुधवार को प्रात: 11:00 बजे नगर परिषद परिसर, गोंदिया में संपन्न होगा। गौरतलब है कि नगर परिषद***

अध्यक्ष के रुप में अपने कार्यकाल में सचिन शेंडे एक अनोखी पहल करने जा रहे हैं, जिसमें नगर परिषद के सबसे वरिष्ठ कर्मचारियों के हस्ते उनके कार्यालय का उद्घाटन संपन्न होगा, तथा इसके लिये कर्मचारियों की वरिष्ठता के अनुरुप नगर परिषद में दिव्यांग विभाग में कार्यरत उर्मिला रविन्द्र पंधरे तथा सफाई विभाग में कार्यरत अनिल ज्ञानीराम बंसोड़ के हस्ते सचिन शेंडे के अध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन समारोहपूर्वक संपन्न होगा। गौरतलब है कि गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे ने नगर परिषद अध्यक्ष बनने के बाद नगर की जनता की समस्याओं के समाधान के लिये जनता दरबार की शुरुआत की, और त्वरित समाधान की प्रक्रिया लागु करने का कार्य कर दिखाया, इसके साथ ही नगर विकास के विभिन्न मुद्दों को भी नगर परिषद की बैठक में प्रस्तावित करके नगर विकास को तीव्रता प्रदान करने का प्रयास करते सचिन शेंडे दिखाई दे रहे हैं, वहीं जबकि नगर परिषद अध्यक्ष बनने के उपरांत उनके बैठने के लिये पूर्व में बनाया गया कार्यालय जीर्ण शीर्ण हो चुका था, इस स्थिति में कार्यालय में आगंतुकों को ससम्मान बैठने का अवसर प्रदान करने की व्यवस्था के साथ नए कार्यालय का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसका कार्य पूर्ण होने के उपरांत आज 29 जुलाई को सचिन शेंडे के कार्यालय का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने सभी नगर सेवकों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यालय के उद्घाटन समारोह में उपस्थित की अपील की है।

## पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के जन्मदिन के शुभ अवसर पर युवा कांग्रेस-एनएसयूआई का भव्य रक्तदान शिविर संपन्न

### रक्तदान यह सर्वश्रेष्ठ महादान है-नगराध्यक्ष सचिन शेंडे




जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर गोंदिया जिला युवक कांग्रेस एवं जिला एनएसयूआई ने युवा उत्सव पर्व के रुप में मनाया एवं अपनी लोकहित कार्यों की परम्परा को कायम रखते हुए, शासकीय बीजीडब्यू एवं केटीएस हॉस्पिटल में***

भर्ती जिले के दुर-दराज क्षेत्रों से दाखल मरीजों को फल वितरण किया। साथ ही बीजीडब्ल्यू अस्पताल स्थित शासकीय ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित कर, जरुरतमंदों के लिए रक्तदान का लोकहित कार्य किया। इस अवसर पर विशेष रुप से पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के सुपुत्र प्रफुल गोपालदास अग्रवाल एवं सुपुत्री डॉ.प्रिती गोपालदास अग्रवाल ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रक्तदान कर शिविर में सक्रिय सहभाग किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के माजी जिलाध्यक्ष संदिप रहांगडाले ने कहा कि, मरीजों को बेहतरीन आयोग्य सेवा देने के लिए हमारे नेता गोपालदास अग्रवाल ने हमेशा अथक प्रयत्न किये है और उनके प्रयत्नों से आज शासकीय केटीएस एवं बीजीडब्ल्यू अस्पतलों का दृश्य बदल गया है। वहीं आरोग्य स्वास्थ्य में भी सुधार देखने आया है। यह बात भी आज उनके जन्मदिन पर गौरतलब है कि, गोंदिया में शासकीय मेडीकल कॉलेज लाने के लिए केवल उनके प्रयत्न रहे और इसके लिए उन्होंने अपने सुपुत्र और हमारे युवा साथी प्रफुल अग्रवाल के नाम से नागपुर उच्च न्यायालय में सरकार के विरुद्ध जनहित याचिका तक डाली। आज इस रक्तदान के माध्यम से हम मरीजों के लिए उनके प्रयत्नों में अपने हाथ भार लगाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है। नगराध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि, रक्तदान से रक्तों के नाते जुड़ते है और रक्तदान महादान है। गोपालदासजी अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर जोशीले नवजवानों का यह रक्तदान निश्चित रुप से देश और समाज में एकता और भाईचारे को आगे बढा रहा है। रक्तदान के बाद सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल से उनके निवास पर भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकारते हुए सभी युवा कार्यकर्ताओं को शुभकामनाओं एवं रक्तदान हेतु आभार व्यक्त किया। प्रमुख रुप से प्रफुल अग्रवाल, डॉ.प्रिती अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अमर वराड़े, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, जितेश राणे, कृउबास उपसभापति राजकुमार पप्पु पटले, संदीप रहांगडाले, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष अमान मेमन, पूर्व जिलाध्यक्ष अमन तिगाला, अरमान जायसवाल, पुर्व पार्षद व्यंकट पाथरु, राकेश वर्मा, डॉ.येडे, मनोज पटनायक, लोकेश रहांगडाले, मिठ्ठु पोद्दार, रामु शेंडे, संतोष कुसराम, पुर्व नगराध्यक्ष अशाताई पाटील, विजु उईके, रेवतीताई दगडे सहित अनेकों शहर कांग्रेस, एनएसयूआई व युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रुपाली उके को सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर छैलबिहारी अग्रवाल ने किया अभिनंदन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***एक खिलाड़ी से लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में निरंतर सक्रियता और सेवाभावना से कार्य करते हुए यूवा नेत्री के रुप में गोंदिया से लेकर दिल्ली तक अपनी पहचान स्थापित करने वाली रुपाली यादोराव उके को उनके कार्यों से***

प्रभावित होकर सांसद डॉ. प्रशांत पडोले ने गोंदिया जिला परिषद में 'महिला एवं बाल विकास' तथा 'स्वास्थ्य विभाग' ऐसे दो विभागों का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। जिला परिषद में युवा नेतृत्व के रुप में रुपाली उके को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से निश्चित ही महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग में पारदर्शिता के साथ कार्यों में प्रगति आयेगी, तथा सांसद डॉ. प्रशांत पडोले के कार्यकाल में आम जनता को रुपाली उके के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा, ऐसा विश्वास गोंदिया के विदर्भवादी नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने व्यक्त किया है, तथा रुपाली उके को शुभकामनाएं दी है। विदर्भ आंदोलन के प्रणेता छैलबिहारी अग्रवाल ने रूपाली यादवराव उके के निवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ (गुलदस्ता) भेंट किया, और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और इस बड़ी उपलब्धि के लिए अभिनंदन किया। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि वे रूपाली यादवराव उके को मानस पुत्री मानते हैं, तथा वे विगत कुछ वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी होकर सक्रियता के साथ कार्य करते हुए रुपाली उके को देख रहे हैं। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि एक साधारण परिवार की बेटी रुपाली अपने भविष्य की चिंता छोड़कर जन जन की चिंता करते हुए सेवाभावना से कार्य कर रही है, उनकी यह भावनाएं वंदनीय है, और मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। छैलबिहारी अग्रवाल ने आगे सांसद प्रशांत पडोले के प्रति भी आभार व्यक्त किया, और कहा कि आज के समय में युवाओं को आगे आने के अवसर मिलने चाहिये।

## नीट (यूजी) में सिद्धी विनायक के ओजस रहांगडाले की सफलता पर भाजयुमो ने किया सम्मानित..

### जिले में सर्वाधिक अंक हासिल किया ओजस ने..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोंदिया जिले के प्रतिभाशाली छात्र ओजस ललित रहांगडाले ने जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। ओजस ने 720 में से 634 अंक अर्जित कर जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनकी इस उल्लेखनीय***

उपलब्धि पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) गोंदिया जिला की ओर से उनका भव्य सत्कार कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सत्कार के दौरान ओजस रहांगडाले ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, शिक्षकों, सिद्धि विनायक कोचिंग सेंटर के शिक्षकों और अपनी सतत मेहनत को दिया। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए कहा कि पेपर लीक की घटना के बाद केंद्र सरकार द्वारा दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करना तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की दोबारा परीक्षा आयोजित कर किसी भी छात्र का शैक्षणिक वर्ष प्रभावित नहीं होने देना एक सराहनीय निर्णय था। उन्होंने इस पहल के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर भाजयुमो पदाधिकारियों ने कहा कि ओजस की सफलता जिले के हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ओजस एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, आशीष ठकरानी, अभय मानकर, डॉ. पारधी, संदीप श्रीवास, यशराज बाहेकर, विनोद चांदवानी सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने ओजस रहांगडाले को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि 31 जुलाई..

### गोंदिया के किसानों से जल्द आवेदन करने की अपील

**जगप्रेरणा गोंदिया।** जिले में खरीफसीजन के दौरान किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से राहत देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रभावी क्रियान्वयन यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। अब तक जिले के 44,582 किसानों ने इस योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इस वर्ष खरीफधान फसल के लिए किसानों को मात्र रुपये 60 प्रति हेक्टेयर का बीमा प्रीमियम जमा करना होगा, जिसके बदले उन्हें रुपये 60,000 तक का बीमा सुरक्षा कवच मिलेगा। इससे प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। प्रशासन ने बताया कि 31 जुलाई 2026 इस योजना में शामिल होने की अंतिम तिथि है। इसलिए जिन किसानों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे समय रहते योजना का लाभ अवश्य लें। प्रशासन के अनुसार, इस वर्ष एल नीनो के प्रभाव के कारण वर्षा अनियमित रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में संभावित फसल नुकसान से बचाव के लिए फसल बीमा कराना किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी निलेश कानवडे ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी बैंक शाखा या 'आपले सरकार सेवा केंद्र' पर जाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर बीमा प्रीमियम जमा करें और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाएं। प्रशासन ने किसानों से समय रहते योजना में शामिल होकर अपनी फसलों को सुरक्षित करने की अपील की है।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द
• पिठ का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द
• आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

## प्रोग्रेसिव इंग्लिश स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भक्ति भाव से मनाई गई आषाढ़ी एकादशी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव इंग्लिश स्कूल में आषाढ़ी एकादशी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान विठ्ठल एवं माता रुक्मिणी की पूजा-अर्चना के साथ विद्यार्थियों ने***

भजन-कीर्तन, भक्ति गीत, प्रेरणादायी भाषण तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से वारकरी परंपरा और आषाढ़ी एकादशी के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अलका पंकज कटकवार, संस्था सचिव डॉ. नीरज कटकवार तथा संचालिका श्रीमती लीना एन. कटकवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नीरज कटकवार ने विद्यार्थियों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। वहीं श्रीमती लीना कटकवार ने विद्यार्थियों को भक्ति, अनुशासन, करुणा और विनम्रता जैसे गुणों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्राचार्य श्री जावेद शेख ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कारों, परंपराओं और सामाजिक एकता से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार को महाराष्ट्र की गौरवशाली आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से प्रेरणा लेने तथा सामाजिक समरसता, आस्था और एकता का संदेश दिया गया।

## साकेत पब्लिक स्कूल में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई आषाढ़ी एकादशी

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, भजन और प्रेरणादायी वक्तव्यों ने बांधा समां..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***साकेत पब्लिक स्कूल में आषाढ़ी एकादशी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा भगवान विठ्ठल की विधिवत पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण और आध्यात्मिक ऊर्जा से***

सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भगवान विठ्ठल को समर्पित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने भगवान विठ्ठल पर आधारित आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अभिनय के साथ भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर अपनी श्रद्धा और भक्ति का सजीव प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को और भी विशेष बनाते हुए कक्षा 7 की छात्रा अतिया निजामी ने आषाढ़ी एकादशी के महत्व एवं भगवान विठ्ठल की शिक्षाओं पर प्रेरणादायी भाषण दिया। वहीं कैवल्य दवंगे ने अपनी मधुर भक्तिमय प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता के मूल्यों से परिचित कराया। कार्यक्रम ने छात्रों में सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान, आस्था और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

- सूचना - यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।

दरियां • मैटिंग्स • कारपेट्स • डोरमेट्स • शॉल
ब्लैंकेट्स • स्कूल की भोजन पतियाँ • ताड़पत्री
मच्छरदानी • ग्रीन नेट • चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
ग्रीन नेट · कारपेट्स · ताड़पत्री · डोरमेट्स · ब्लैंकेट्स · बेड शीट्स
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com